चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 137, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 15 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


# आज गुजरात के तट से टकराएगा 'बिपरजॉय'



15 जून की शाम तक यह कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकराएगा, 150 किमी/घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान

**नई दिल्ली।** अरब सागर में उठे तूफान बिपरजॉय के गुजरात से टकराने में सिर्फ एक दिन बाकी है। 15 जून की शाम तक यह कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकराएगा। इस दौरान 150 किमी/घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। इसके चलते बुधवार को गुजरात और मुंबई के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है। तेज हवाओं और ऊंची लहरों के चलते अब तक 9 लोगों की मौत की खबर है। आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, गुजरात सरकार ने कच्छ-सौराष्ट्र में समुद्र तट से 10 किलोमीटर की सीमा में 7 जिलों से 50 हजार से ज्यादा लोगों को निकालकर शेल्टर होम में भेजा है। इलाके में एनडीआरएफ की 18 टीमें तैनात हैं।

**द्वारका में 90 मीटर ऊंचे आकाशवाणी के टावर को सुरक्षित तरीके से गिराया**



**गया:** गुजरात के द्वारका में 90 मीटर ऊंचे गाइ रोप की मदद से खड़े स्टील से निर्मित आकाशवाणी टॉवर को बिपरजॉय तूफान के खतरे को देखते हुए बुधवार को एहतियातन ढहा दिया गया। इस टॉवर के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना को रोकने और आसपास के क्षेत्रों में जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। टॉवर ढहाने का यह कदम एनआईटी सूरत और सीसीडब्ल्यू के संरचनात्मक विशेषज्ञों द्वारा 35 साल पुराने इस टॉवर की सुरक्षा जांच के बाद उठाया गया है। इन विशेषज्ञों ने जनवरी, 2023 में इस टॉवर को ढहाने की सिफारिश की थी। इसके साथ ही, आकाशवाणी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए द्वारका से अपनी सेवाओं की बहाली के बारे में काम कर रही है। ऑल इंडिया रेडियो के सहायक स्टेशन निदेशक रमेशचंद ने बताया कि टावर को गिराया गया है। सिविल कंस्ट्रक्शन विंग ने इसे अनसेफ बताया था। रात में डिप्टी कलक्टर की भी सूचना आई थी। इसके कारण इसे गिराना पड़ा। 100 मीटर टावर अनसेफ था। 10 किलोवाट का ट्रांसमीटर एफएम अभी लगना है। इसका नया टावर लगेगा। दुर्भाग्यवश इसे तूफान की वजह से गिराना पड़ा।

## बिपरजॉय: सोनोवाल ने की तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग और आयुष मंत्री, सबार्नंद सोनोवाल ने बुधवार को चक्रवात बिपरजॉय से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग के साथ-साथ गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सबार्नंद सोनोवाल ने सभी अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम भौतिक नुकसान को कम करने के लिए कदम उठा रहे हैं और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। तटीय क्षेत्रों में रहने वाले हमारे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। चक्रवात के बाद प्रभावित लोगों के लिए आश्रय स्थल बनाने के उपाय किए गए हैं। इन विश्राम गृहों में महिलाओं और बच्चों सहित जरूरतमंदों के लिए सभी प्रकार की आपातकालीन देखभाल, चिकित्सा देखभाल के साथ-साथ पोषण संबंधी देखभाल प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

## बिपरजॉय: राजनाथ ने परखीं तीनों सेनाओं की तैयारियां

**बिपरजॉय: राजनाथ ने परखीं तीनों सेनाओं की तैयारियां**

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' का मुकाबला करने के लिए तीनों सेनाएं भी तैयार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को तीनों सेना प्रमुखों से चक्रवात के लैंडफॉल के लिए सशस्त्र बलों की तैयारियों के बारे बात की। सेनाध्यक्षों की ओर से भरोसा दिलाया गया कि चक्रवात के कारण किसी भी स्थिति या आकस्मिकता से निपटने के लिए सशस्त्र बल नागरिक प्रशासन को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं।



समुद्री तूफान बिपरजॉय को लेकर केंद्र सरकार काफी अलर्ट है और तटीय इलाकों में काफी ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। कई केंद्रीय मंत्री लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी तीनों सेनाओं के प्रमुखों से 'बिपरजॉय' तूफान को लेकर बात की है। उन्होंने उच्च स्तरीय बैठक में तीनों सेनाओं की तैयारियों के बारे में चर्चा की। सेना प्रमुखों ने उन्हें चक्रवात के कारण किसी भी स्थिति या आकस्मिकता का मुकाबला करने का भरोसा दिलाया है। गुजरात में तैनात सीमा सुरक्षा बल की बचाव टीम समुद्री तट की ओर बढ़ते हुए भयंकर चक्रवाती तूफान ह्यबिपरजॉय' के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के 15 जून की शाम को जखाऊ तट के पास टकराने की संभावना है और उसके बाद इसके कच्छ के रण से होते हुए राजस्थान तक जाने की संभावना है।

## विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के बारे में मांगे सुझाव

**नई दिल्ली: विधि** आयोग ने समान नागरिक संहिता के बारे में जनता और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों से अपने विचार साझा करने का अनुरोध किया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से भेजे गए एक संदर्भ के संबंध में 22वां विधि आयोग अन्य बातों के साथ-साथ समान नागरिक संहिता की जांच कर रहा है। इच्छुक व्यक्ति व संस्था 30 दिनों की अवधि के भीतर ऑनलाइन और ईमेल के जरिए अपने सुझाव दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि लगातार मांग उठती आई है ।

## 2017 के पहले यूपी बोर्ड नकल के लिए बदनाम था: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले यूपी बोर्ड नकल के लिए बदनाम था। हमारी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा व्यवस्था लागू की। उन्होंने कहा कि नकल माफिया समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। नकल कराकर शिक्षण संस्थानों को अपवित्र करने वाले नकल माफिया का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए। प्रशासन भी नकल माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। सीएम योगी ने कहा कि छह वर्ष पहले प्रदेश में तीन महीने तक परीक्षाएं होती थीं। 2 से 3 महीने में परिणाम आते थे। तीन महीने अगली कक्षा के प्रवेश में तीन लग जाते थे तो 3 महीने का समय पर्व और त्योहारों में चला जाता थे। शिक्षण संस्थानों में पठान और पठन कम ही देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने



ऐसा पहली बार किया है कि 15 दिन के अंदर परीक्षा हुई है और 14 दिन के अंदर परिणाम भी आ गया। सीएम योगी ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इन्होंने विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश के विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं थे। हमारी सरकार ने छह वर्ष में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद के 1 लाख 62 हजार से अधिक शिक्षकों की पारदर्शी तरीके से चयन की प्रक्रिया को पूरी करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र भी दिया। इतने शिक्षकों की सरकारी नियुक्ति कहीं देश भर में नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद ने ऑपरेशन कायाकल्प माध्यम से 1 लाख 33 हजार विद्यालयों को बहुत अच्छा विद्यालय बनाया है। सीएम योगी ने कहा कि छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हम दो करोड़ युवाओं को टैबलेट स्मार्टफोन दे रहे हैं। जिन अभिभावकों, छात्रों के पास कोचिंग के लिए पैसे नहीं हैं, उसके लिए अभ्युदय कोचिंग की स्थापना की गयी है। इस कोचिंग के माध्यम से इस वर्ष की सिविल परीक्षाओं में 23 बच्चे सेलेक्ट हुए।

## एसी बसों को दुरुस्त करें निगम: योगी

### भीषण गर्मी को देखते हुए यात्री सुविधाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को बसों के रखरखाव सुधारने व इससे जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी को देखते हुए वातानुकूलित बसों की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया है। बसों की सफाई पर भी विशेष नजर रखने को कहा गया है।


**फील्ड में जाकर की पड़ताल:** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर परिवहन निगम के अफसरों ने बुधवार को फील्ड में बसों की हकीकत परखी। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि गर्मियों के मौसम में यात्रियों को आवागमन के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। कोच फैन, पर्दों व आपातकालीन द्वार सील न होने से गर्म हवा आने की परेशानी यात्रियों को न हो। खासतौर पर बसों के एसी सुव्यवस्थित होने चाहिए।

**सभी व्यवस्था सुधारनी होगी:** मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में शासन की ओर से समस्त सेवा प्रबंधकों व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को 15 जून तक समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया गया है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि मौसम के मद्देनजर बसों में लगे वातानुकूलित संयंत्रों का मेंटिनेंस कराने, वातानुकूलित बसों में लगे पर्दों को ठीक कराने एवं यात्री कोच को एयरटाइट कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वातानुकूलित बसों की सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

## किसानों को योजनाओं से करें लाभान्वित : तोमर

**रायबरेली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने बुधवार को कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाए चलाई जा रही हैं। किसानों की सभी प्रकार के समस्याओं के निदान हेतु किसान उत्पादक संगठन ने किसानों के हित में सकरात्मक कदम बढ़ाया है। जिसमें कृषि, दुग्ध उत्पादक, मछली पालक, पोल्ट्री फार्म, मधुमक्खी पालक किसान आदि पात्र किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। कृषि मंत्री बुधवार को रायबरेली में अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक को संबोधित



कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को किसान उत्पादक संगठनों से जोड़ा जाए। जिसमें किसानों को सस्ते दामों पर बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, मशीनरी, ग्रीन हाउस, पॉलीहाउस, कृषि तकनीक।

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरणों में झुकाए शीश, राम मंदिर निर्माण से जुड़े विकास कार्यों का लिया जायजा

## सीएम योगी ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बुधवार की शाम अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की। सीएम ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति भी जानी। इसके पहले अयोध्या पहुंचने पर रामकथा हेलीपैड पर सीएम को सलामी दी गई।




अयोध्या दौरे का आगाज संकट मोचन हनुमान के चरणों में दर्शन-पूजन से किया।

**राम मंदिर निर्माण का लिया जायजा:** रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति जानी। यहां ट्रस्ट जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ ने यहां कार्य कर रहे मजदूरों से भी हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से वर्तमान समय में चल रहे कार्य की प्रगति भी जानी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## सर्वाधिक 4.5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन उप्र में चल रहे : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को यहां बताया कि इस समय देश में सर्वाधिक लगभग 4.5 लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल उप्र में चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जल्द ही इलेक्ट्रिक व्हीकिल मैन्यूफैक्चरिंग का हब बनेगा। मुख्य सचिव आज यहां होटल ताज में आयोजित वर्कशाप ऑन लॉन्च ऑफ काम्प्रिहेन्सिव इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान फार लखनऊ में अपना संबोधन दे रहे थे। इस वर्कशाप का आयोजन उप्र सरकार, एशियन डेवलपमेंट बैंक और नीति आयोग की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने इलेक्ट्रिक व्हीकल जागरूक पोर्टल को भी लांच किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर




प्रदेश में बढ़ती वाहनों की संख्या, प्रदूषण और दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए 17 नगर निगमों सहित नोएडा व ग्रेटर नोएडा में काम्प्रिहेन्सिव इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान की आवश्यकता है। शहर में मोबिलिटी के वजह से कार्बन फूटप्रिंट बढ़ता है, लगभग 24 से 25 प्रतिशत प्रदूषण का कारण मोबिलिटी है। इससे बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा कई योजनायें चलायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के पांच जनपदों में मेट्रो योजना की शुरूआत की गई। दिल्ली से मेरठ तक आरआरटीएस चालू होने जा रही है। इससे कार्बन फूट प्रिंट को कम करने में मदद मिलेगी।

**मुख्य सचिव बोले, शहरों में लोग निजी वाहनों से कम करें यात्रा:** इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि शहर में लोग निजी वाहन से कम से कम यात्रा करें। इसके लिये सिटी ट्रांसपोर्ट के तहत बसें चलायी जा रही हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाया जा रहा है। 745 इलेक्ट्रिक बसें शहरों में चल रही हैं। अभी हाल ही में 1500 नई इलेक्ट्रिक बस क्रय करने की मंजूरी प्रदान की गई है। इस तरह कुल लगभग 2500 इलेक्ट्रिक बसें शहरों में चलेंगी।

## भारत के समुद्री खाद्य वस्तुओं का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर

### वित्त वर्ष 2022-23 में समुद्री खाद्य 4.31 फीसदी बढ़कर 8.09 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का समुद्री खाद्य वस्तुओं का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 63,969.14 करोड़ रुपये (8.09 बिलियन अमरीकी डॉलर) के समुद्री खाद्य पदार्थ का अबतक का सर्वाधिक निर्यात हुआ है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में 17,35,286 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात हुआ, जो 63,969.14 करोड़ रुपये (8.09 बिलियन अमरीकी डॉलर) का रहा। वित्त वर्ष 2021-22 में 57,586.48 करोड़ रुपये (7,759.58 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 13,69,264 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात किया गया था। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान मात्रा के लिहाज से निर्यात में 26.73 फीसदी, रुपये के हिसाब से 11 फीसदी और डॉलर के हिसाब से 4.31 फीसदी की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक सूखी झींगा मछली मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से प्रमुख निर्यात की वस्तु बनी रही, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन, भारत के समुद्री खाद्य पदार्थ के प्रमुख आयातक बन गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थ का सबसे बड़ा आयातक है। इसके बाद चीन, यूरोपीय संघ, दक्षिण पूर्व एशिया, जापान और मध्य पूर्व का स्थान है। वहीं, प्रमुख निर्यात समुद्री खाद्य वस्तु के रूप में सुखाई हुई झींगा मछली शीर्ष स्थान बरकरार है।

### खबर संक्षेप

## लीकेज की वजह से सैकड़ों परिवार को नही मिल रहा पानी

**हनुमानगंज।** बहादुरपुर विकास खंड कोटवा गांव जलनिगम की पाइप लाइन में लीकेज की वजह से प्रतिदिन सैकड़ो लीटर पीने का पानी तो बर्बाद ही हो रहा है साथ ही सैकड़ो घरो में पीने का पानी नही मिला पा रहा है। शिकायत के बाद भी लीकेज ठीक नही किया जा रहा है। कोटवा गांव में लगी जल निगम की टंकी 5 दशक पुरानी हो गई है। कभी इसी टंकी से दर्जन भर गांव को पानी मिलता था अब दो गांव में ही पानी नही मिल पा रहा है। हरिकेश यादव ने बताया कि कोटवा से जमुनीपुर जाने वाली जलनिगम की मेन पाइप लाइन झूठी ताली पर कई महीने टूटी है। ऐन्द्री धाम के पीछे लीलापुर रोड पर भी बड़ा लीकेज है। प्रति दिन सैकड़ो लीटर पीने का पानी बर्बाद हो रहा है। दक्षिणी कोटवा लाल साहब के घर के पास भी मेन सड़क पर लीकेज है। कई स्थानों पर लीकेज की वजह से 15 हजार आबादी वाले गांव में लो प्रेशर की समस्या के साथ सैकड़ो घरो में पानी भी नही आ रहा है।

# शानू हत्याकांड : पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** थाना मेजा क्षेत्र के परानीपुर में हुए शानू अंसारी हत्याकांड के दो आरोपियों विवेक सिंह पुत्र सुधाकर सिंह निवासी विसेनपुर परानीपुर थाना मेजा, अजय सिंह पुत्र गिरजाशंकर निवासी विसेनपुर परानीपुर थाना मेजा को थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय व रंजीत सिंह प्रभारी एसओजी यमुनानगर ने टीम गठित कर एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को ऊंचडीह बस अड्डा थाना क्षेत्र मेजा से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना के समय पहना हुआ कपड़ा जिस पर खून के धब्बे लगे हुए हैं, बरामद किया गया। ज्ञात हो कि 11 जून को मेजा थाना क्षेत्र के परानीपुर गांव में शानू अंसारी पुत्र मोहम्मद अन्सार निवासी डोहरिया की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में मृतक किशोर के पिता मोहम्मद अन्सार पुत्र स्व. नायब अली की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल से आलाकत्ल एक तमंचा, एक खोखा कारतूस की बरामदगी हुई थी। विवेचना से मुकदमा उपरोक्त में विवेक सिंह पुत्र सुधाकर सिंह व अजय सिंह पुत्र गिरजाशंकर का नाम प्रकाश में आया, जिन्हे बुधवार को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना के दिन पहने हुए कपड़े जिस पर खून के धब्बे लगे हुए बरामद किया गया।

## तालाब किनारे विक्षिप्त युवक का मिला शव, पुलिस शिनाख्त में जुटी



**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र में तालाब के समीप विक्षिप्त व्यक्ति का शव मिला है। मौके पर जुटी भीड़ की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाने की जेवनिया पुलिस चौकी अंतर्गत मदरा मुकुंदपुर (डाडी) गांव स्थित तालाब के पास बुधवार दोपहर 35 वर्षीय विक्षिप्त युवक का ग्रामीणों ने शव देखा। इससे ग्रामीणों सहित आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। वहीं सूचना पाकर जेवनिया चौकी प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मृतक इधर-उधर घूम टहल कर लोगों से खाने पीने की वस्तुएं मांग कर अपना भरण पोषण किया करता था। वह बीते कई दिनों से इस इलाके में देखा जा रहा था।

# धोखाधड़ी कर बेटे ने पिता की जमीन करा ली रजिस्ट्री

अखंड भारत संदेश

**कोरांव के देवघाट गांव का मामला, राशन कार्ड बनवाने के नाम पर पिता को ले आए थे तहसील**





**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के देवघाट गांव में धोखाधड़ी कर बेटे ने पिता के नाम की जमीन राशन कार्ड बनवाने के नाम पर बैनामा करा ली। जिससे दो भाई व पिता भूमिहीन हो गया। देवघाट निवासी शंभू नाथ उर्फ शंभूलाल पुत्र रमेसर ने पुलिस आयुक्त को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि मेरे लड़के बृजेश कुमार व रमेश चंद्र पुत्र सीताराम जो ग्राम पहरी का निवासी है दिनांक 30 जनवरी को प्रार्थी को राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसील कोरांव ले गए। जहां कार्ड बनवाने के बहकावे में प्रार्थी अनपढ़ व अत्यंत वृद्ध होने के कारण कुछ समझ नहीं पाया। मेरा बेटा बृजेश कुमार पांच बीघे व पटेहरी गांव निवासी रमेश चंद्र ने डेढ़ बीघे अपने-अपने नाम बैनामा करा ली। जबकि दो अन्य लड़के कृपाशंकर एवं नंदलाल और मैं खुद भूमिहीन हो गया हूं। 75 वर्षीय वृद्ध शंभूलाल को जब राशन कार्ड के नाम पर बहका कर जमीन बैनामा करा लेने की जानकारी हुई तो पुलिस आयुक्त समेत एसडीएम एवं अन्य सक्षम अधिकारियों के यहां शिकायत दर्ज कराते हुए फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा लेने व धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि मेरे खाते में धनराशि देने की भी बात रजिस्ट्री पर लिखी गई है। लेकिन अभी तक मेरे खाते में किसी भी प्रकार की कोई धनराशि नहीं आई है। जिससे भी यह साबित होता है कि उपरोक्त लोगों ने धोखाधड़ी कर मेरी जमीन का बैनामा करा लिए और मुझे और दो अन्य बेटों को भूमिहीन कर दिए। वृद्ध ने फर्जी तरीके से बैनामा कराने वाले बेटे एवं एक अन्य पर कार्रवाई की मांग की है।

## किशोरी का अपहरण कर दुराचार करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** एक किशोरी को एक युवक ढाई माह पूर्व बहलाफुसला कर अपहरण कर ले गया था उसके साथ दुराचार कर रहा था। किशोरी की माँ ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस दोनो की तलाश में जुटी रही। और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला ने 21मार्च को यह मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी सोलह वर्षीय पुत्री को ग्राम सरायखानदेव सराय निवासी सूरज धोबी पुत्र जिलाजीत धोबी बहलाफुसला कर अपहरण कर ले गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को मऊआइमा पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जहां किशोरी ने दुराचार की बात बताई। पुलिस ने आरोपी दुराचारी सूरज धोबी पुत्र जिलाजीत को बुधवार को जेल भेज दिया।

# आशा बहू पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

अखण्ड भारत संदेश

**लेडियारी।** खीरी थाना क्षेत्र के चैलारी गांव में मंगलवार की रात अपने घर पर दो बच्चे के साथ सो रही एक महिला व उसकी बेटी पर धारदार हथियार से हमला कर लहुलुहान कर दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल इलाज के लिए सीएचसी भेजा स्थिति गंभीर देखते ही उन्हें जिला अस्पताल मे रेफर कर दिया गया है। मामले मे महिला के पिता ने गांव के ही कोटेदार के खिलाफ घटना को अंजाम देने की तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार धर्मशीला पाल पत्नी रमेश पाल निवासी ग्राम चैलारी थाना खीरी जो आशा का काम करती थी। मंगलवार की रात खाना पीना खाकर अपने घर के पीछे आगन में अपने दो बच्चों मनीष प्रीती के साथ चारपाई पर सोई हुई थी। सुबह चार बजे अचानक उसके उपर कुछ युवकों ने धारदार हथियार से मारने लगे जब वह चिल्लाने लगी तो बेटी पर भी वार करके भाग गये। खून से लथपथ पड़ी महिला ने जब कुछ देर बाद होश में आयी तो तत्काल 112पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर उन्हें तत्काल सीएचसी कोरांव भेज दिया। पीड़िता के पति मुम्बई में रहते हैं। महिला के पिता के मुताबिक तीन दिन पहले पड़ोस के ही कोटेदार से बातचीत हुई थी। जिसकी सूचना महिला ने खीरी थाने में लीखित में दी थी । पुलिस ने उस आरोपी को समझा कर छोड़ दिया था।

# एक यूनिट रक्तदान तीन जिंदगियां बचा सकता है : डॉ. अमित यादव

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सहसों बाईपास स्थित हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों के तत्वावधान में बुद्धवार को आयोजित गोष्ठी के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए गोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉक्टर अमित यादव ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान ही नहीं है इससे बड़ा पुनीत कार्य कुछ भी नहीं है। ग्रामीण स्तर पर जो लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां फैली है परंतु उसे लोगों को अपने मन एवं दिल दिमाग से निकाल देना चाहिए कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी आ जाती है ऐसी कोई भी बात नहीं है। डॉक्टर अमित यादव ने कहा कि आप लोग अपने स्वेच्छा से रक्तदान करके किसी जरुरतमंद, किसी असहाय की जिंदगी बचा सकते हैं। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिसमें 16 वर्ष से लेकर 60 वर्ष की आयु वर्ग का एक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से दिल की विभिन्न बीमारियां एवं दिल के दौरा पड़ने का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों के अंदर उत्साह भरते हुए कहा एक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान के पश्चात दोबारा 56 दिन के उपरांत पुनः रक्तदान कर सकता है आपका एक यूनिट रक्तदान तीन जिंदगियां बचा सकता है। इस अवसर पर गोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉक्टर के सी गुप्ता, डॉक्टर दिलीप इंजीनियर राजेंद्र पटेल, इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, राजेश यादव, राकेश कुमार अधिवक्ता, जय सिंह, नीरज पांडे, कविता शुक्ला, जय कृष्ण मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री का आदेश भी विद्युत कर्मचारियों पर बेअसर

**सहसों।** चिलचिलाती धूप भरी इस भीषण गर्मी में ट्रांसफॉर्मर जलना फाल्ट होना उपभोक्ताओं के लिए परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। सप्ताह भर से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी में विद्युत विभाग का आपूर्ति को लेकर आंख मिचौली करना एवं फाल्ट के नाम पर आपूर्ति बाधित होने से जनता हाल बेहाल हो गई है। सहसों सहित आसपास के क्षेत्रों में दिन तो दिन रात में भी भारी कटौती की जा रही है। वहीं पर किसान खेती के लिए धान की नर्सरी हेतु विद्युत आपूर्ति के कारण ज्यादा परेशान हैं। जबकि मुख्यमंत्री योगी का आदेश है कि बिना बाधित विद्युत आपूर्ति किया जाए यह नहीं कि फाल्ट के नाम पर विद्युत कटौती की जाए शासन का आदेश है कि ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद व्यवस्था करके दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया जाए ताकि विद्युत की आपूर्ति निर्बाध चलती रहे। क्षेत्र के रामनाथ पट्टी गांव का ट्रांसफार्मर चार दिनों से जल गया है जिसके कारण घर के अंदर छोटे छोटे बच्चे महिलाएं भयंकर गर्मी में तड़पने को मजबूर हैं। सबसे बडी समस्या तो यह है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण गांव के जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। उपभोक्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत की परन्तु हीलाहवाली, आश्वासन के शिवाय समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार : प्रो. राजीव मालवीय

अखंड भारत संदेश




**जंघई।** सरकार एवं यूजीसी के आह्वान पर प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय के निदेर्शानुसार 14 जून को सुबह शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में अमृत योग सप्ताह का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्राचार्य ने बताया कि योगासन, प्राणायाम व योगिक क्रियाएं क्रीड़ा अधीक्षक एवं योग विशेषज्ञ नागरिक पीजी कॉलेज जंघई बृजेश यादव के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक चलेंगी। प्राचार्य ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है यह दिमाग व शरीर की एकता का प्रतीक है।मनुष्य और प्रकृति के बीच ऐसा सामंजस्य है, जो विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करता हैं। स्वास्थ्य और भलाई के लिए योग एक समग्र दृष्टिकोण को भी देने वाला है तथा हमारी बदलती जीवन शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों और अध्यापकों को नियमित योग करने की सलाह दी। प्राचार्य ने योग सप्ताह कार्यक्रम के इंचार्ज बृजेश यादव द्वारा योग गतिविधियों की सराहना की।अमृत योग सप्ताह कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# आसमान से बरस रही आग, जनजीवन बेहाल

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** इस समय गर्मी का मौसम पूरे यौवन पर है। सुबह होते ही तेज धूप के कारण लगता है कि आसमान से आग बरस रही है। भीषण गर्मी से दोपहर 10 बजे से लेकर कर शाम छह बजे तक सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है। इस कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं बिजली के आंख मिचौली ने जनता की मुसीबतों को और बढ़ा दिया है। गत एक सप्ताह से मौसम बेहद गर्म है।मानो आसमान से आग बरस रही है।लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। दूसरी तरफ ग्राहक न होने के कारण बाजारों में दुकानदार खाली बैठे हुए हैं। बाजारों में सन्नाटा छाया हुआ रहता है। शादी विवाह का मौसम होने के बावजूद लोग धूप में नहीं निकल पा रहे हैं।गर्मी में शीतल पेय पदार्थो की बिक्री बढ़ी है। लू का असर भी लोगों पर पड़ा है। लोग घरों में दुबकर पंखे, कूलर, एयरकंडीशनर, फ्रिज का सहारा लेकर गर्मी से बचाव कर रहे हैं। गन्ने का रस, मीठी व नमकीन शिकंजवी, मौसमी जूस, लस्सी व नींबू पानी सहित अन्य ठंडे पेय पदार्थो का सहारा लेकर गर्मी से बचाव किया जा रहा है। बाजार के हर चौक पर इन पेय पदार्थो की रेहड़ियों की भरमार है।गर्मी का मौसम आते ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो गया है। तेज लू के थपेड़े से लोगों को तरह तरह की बिमारियां हो रही हैं। मक्खी-मच्छरों की भरमार हो गई है। दिन में चल रही तेज लू के थपेड़े लोगों को बीमार कर रहे हैं। इस मौसम में डायरिया, एलर्जी व आंखों के रोगियों की संख्या बढ़ी है। सीएचसी मेजा के चिकित्सक डॉ बब्लू सोनकर का कहना है कि लू के कारण मौसम शुष्क हो जाता है, जिससे मानव शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पसीना आने व गर्म हवा लगने से शरीर के अंदर नमी घटने लगती है। लगातार धूप में रहने से भी लू लग सकती है। लू लगने से शरीर की तंत्रिका ठीक तरह से काम करना बंद कर देती है व मरीज को उल्टी, सिरदर्द, कमजोरी, मांसपेशियों में ऐंठन व दर्द महसूस होने लगती है।इस तपते मौसम में सबसे ज्यादा बुरा हाल बेसहारा पशुओं का है। सुबह आठ बजते ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो जाता है, जो देर शाम तक जारी रहता है। इस भयंकर गर्मी में बेजुबान जानवर छाया व पानी के लिए भटकते रहते हैं। पशु पालकों के अनुसार इस भयंकर गर्मी में पशुओं को लू व सीधी धूप से बचाना चाहिए। पशुओं को ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाएं व दिन में 3-4 बार नहलाएं। जिससे गर्मी से पालतू मवेशियों को कोई दिक्कत न हो।डाक्टरों ने लोगों को धूप से बचने की सलाह दी है।

# घरेलू कलह से परेशान युवक ने लगाई फांसी

अखंड भारत संदेश

**पिछले एक हफ्ते से मृतक चल रहा डिस्टर्ब, जांच में जुटी पुलिस**

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के सोरांव क्षेत्र में मैलहा गांव में घरेलू कलह को लेकर पिछले एक हफ्ते से डिस्टर्ब चल रहे युवक ने सुसाइड कर लिया। उसके इस कदम से मां-बाप को गहरा सदमा लगा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई।गंगापार के सोरांव तहसील के बहरिया थाना क्षेत्र में शुभम मौर्या (30) पुत्र जयराम मौर्य तीन भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी मां सुशीला मौर्या ने बताया कि वह बीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी शादी की बात चल रही थी। उसके पिता खेती किसानी करते हैं। घर में सब कुछ अच्छा चल रहा था।पिछले एक हफ्ते से वह कुछ मानसिक परेशान था। घर में कुछ बाद विवाद हुआ था। जिसके बाद से वह बहुत परेशान रहता था। घरवालों ने कई बार समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह गुमशुम ही रहता था। बीती रात घर के बगल स्थित टीन शेड में लगी बल्ली में नायलॉन की रस्सी के फंदे से वह फांसी पर लटक गया। सुबह घरवाले बगल वाले कमरे में गए तो उसे फांसी पर लटका देखा। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।इंस्पेक्टर बहरिया सुरेश सिंह ने बताया कि लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घरवालों का कहना है कि पिछले एक हफ्ते से और डिस्टर्ब था। जांच की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### कुएं में गिरी गाय का फायरबिग्रेड टीम ने किया रेस्क्यू



**करछना।** थाना क्षेत्र बसही ग्राम पंचायत के मजरा पतुलकी में एक गाय चरते चरते पास स्थित एक कुएं अचानक गिर गई,आस पास के लोगों ने देखा तो शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी जानकारी के अनुसार गांव निवासी राजेश यादव की गाय गांव के बाहर प्रेम चंद के घर के पास चली गई पास स्थित कुएं में अचानक गिर गई,गाय को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास ग्राम वासियों ने घंटों रस्सी के सहारे किया लेकिन सफलता नहीं मिली जिसकी जानकारी प्रधान प्रतिनिधि हिमांशु सिंह को हुई तो तत्काल पुलिस चौकी भीरपुर एवं फायरबिग्रेड टीम को सूचना दी, सूचना मिलते ही फायरबिग्रेड टीम और चौकी भीरपुर प्रभारी अजीत गुप्ता और हरेंद्र यादव टीम फायरबिग्रेड एवं ग्रामीणों की सहायता से गाय का सकुशल रेस्क्यू किया गया।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**झूँसी।** मिशन शक्ति अभियान फेज 3 के तहत बुधवार को छतनाग चौकी क्षेत्र में स्थित पंचायत भवन , प्राथमिक विद्यालय छतनाग, उस्तापुर महमूदाबाद में महिला बीट अधिकारी उ0नि0 प्रियंका सिंह, चौकी प्रभारी छतनाग नवीन कुमार सिंह व म0का0 लक्ष्मी शर्मा, मंजू, हे0 का0 महेश तिवारी द्वारा चौपाल लगाकर जागरुक किया गया। उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया एवं सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर 1090.181.112.1098.101.108. 1076.102.1930 की जानकारी दी गई। चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह ने कहा की महिलाओं पर कोई अत्याचार हो तो आप लोग तुरंत आवाज उठाईये पुलिस को सूचना दे पुलिस आप की पूरी मदद करेंगे।

### नीट परीक्षा परिणाम में जंघई की बेटी ने नाम किया रोशन



**जंघई।** जंघई की बिटिया ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करके माता पिता एवं डिवाइन कोचिंग का नाम रोशन किया है।अध्यापक कृष्ण कुमार की पुत्री ऋचा साहु द्वारा कड़ी मेहनत लगन परिश्रम से पूरे देश के 21 लाख नीट परीक्षार्थियों में 4628 रैंक लाकर पूरे जंघई क्षेत्र, माता पिता एवं डिवाइन कोचिंग सेंटर जंघई का नाम रोशन किया है। डिवाइन कोचिंग सेंटर के प्रबंधक विकास सिंह ने बताया कि ऋचा पढ़ने लिखने में बहुत तेज होनहार प्रतिभाशाली है हमारे कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली छात्राओं में सफलतम छात्रा रही है हम लोग उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि ऋचा निरंतर प्रगतिशील रहे।

### अबू बकर का नीट में चयन होने से क्षेत्र में खुशी



**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला आजमपुर निवासी मोहम्मद सालिम के पुत्र तथा प्रसिद्ध व्यवसायी मोहम्मद मूसा के भतीजे अबू बकर ने एमबीबीएस की होने वाली परीक्षा नीट में चयनित होकर परिवार तथा ऊआइमा कस्बा का नाम रोशन किया है। बात दे कि मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला आजमपुर निवासी मोहम्मद सालिम प्रसिद्ध व्यसायिक के पुत्र अबू बकर ने नीट की परीक्षा चौथे प्रयास में पास की तथा 615 अंक प्राप्त किया। खेलगांव से 12वीं की परीक्षा 2019 में पास कर ।अबू बकर ने कोटा राजस्थान में नीट की तैयारी की। इस सफलता पर उन्हे घर पहुंचकर बधाई देने वालो में डॉ नदीम इंतखाब, आबिद लतीफ, नावेद अहमद, डॉक्टर महताब आलम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद तौसीफ, मोहम्मद् सालिम शैबा,मो सुहेल तथा कस्बे के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के नौ साल पूरे होने पर करछना के करेहा में 19 जून को संवाद रैली



**करछना।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नौ साल पूरे होने पर सीधे जनता से जुड़ने और सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ को लेकर संवाद करने को लेकर चल रही तैयारियों को लेकर सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने रैली स्थल करेहा में एक बाग में स्थानीय नेताओं के साथ किया निरीक्षण , जिसमें लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं एवं जनता से संवाद करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है करछना तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा करेहा बाग में 19 जून को देश के प्रधानमंत्री के कार्यकाल के सफल 9 वर्ष को पूरा करने को लेकर जनता से सीधे भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता का आगमन होगा। इस मौके पर ज्ञान सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष एवम जिला कार्यक्रम संयोजक, पुष्पराज सिंह जिला महामंत्री, कमलेश द्विवेदी व्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करछना, राजेश शुक्ला विधानसभा संयोजक करछना, भगवत प्रसाद पांडेय के साथ मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, पंकज द्विवेदी, लक्ष्मीशंकर पांडे, प्रमोद तिवारी सोहगौरा, रामभवन द्विवेदी, रिंकू सिंह के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंब के द्वारा चलाया गया अभियान



**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना अंतर्गत राजा बारा का हाता, बाबूगंज मंडी, हटिया, आर्य नगर विभिन्न मोहल्लों में महिला जागरूक अभियान में राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना, मातृ शिशु एवं बालिका मदद योजना, निर्माण कामगार पुत्री विवाह योजना, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, चिकित्सा सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता हेतु छात्रवृत्ति योजना, आवास सहायता योजना मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना, अक्षमता पेंशन योजना, अंतिम सहायता योजना, अटल आवास योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, श्रमिक पंजीकरण हेतु पात्रता एवं प्रक्रिया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, गरीब परिवार की शादी हेतु अनुदान योजना, वृद्धा अवस्था किसान पेंशन योजना को जनता को अवगत कराया मौके पर जानवी गुप्ता शिवानी निशा एडवोकेट ज्योति खुशबू एवं मुहल्ले के समस्त निवासी उपस्थित रहे।

### सरकार की हर योजना अब आपके द्वार पर



**सोरांव।** सरकार हर योजनाओं को अब प्रत्येक पात्रों को उनके गांव के ही पंचायत भवन पर ही उपलब्ध करेगी। इसके लिए सोरांव विकासखंड के खंड विकास अधिकारी आईएएस सार्थक अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा एडीओ पंचायत विजय कुमार यादव के देखरेख में पंचायत कार्यालय पर पंचायत सहायकों का एक दिवसीय ट्रेनिंग के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। तथा ग्राम पंचायत सचिवालय में जन सुविधा केंद्र की भांति सरकार की सारी योजनाओं की जानकारी जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन दिव्यांग पेंशन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, खसरा, खतौनी सहित ऑनलाइन के सभी सुविधाएं ग्राम पंचायतों के माध्यम से पंचायत भवन पर ही उपलब्ध रहेगी। इसके लिए तीन दिवसीय ट्रेनिंग 15-15 पंचायत सहायकों को ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटर ट्रेनर सुनील यादव ग्राम विकास अधिकारी राजीव मौर्या ने सभी पंचायत सहायकों को ऑनलाइन से संबंधित जानकारी दे रहे हैं। इतना ही नहीं एलईडी के माध्यम से सभी को प्रैक्टिकली करके दिखा रहे हैं। इस मौके पर पंचायत सहायक शिवगढ़ सत्य नारायण, व पंचायत सहायक उसरही उर्मिला कुशवाहा, पंचायत सहायक बारी पल्लवी, पंचायत सहायक सोरांव हर्ष सहित दर्जनों पंचायत सहायक मौजूद रहे।





# गंगा में नहाने गए 4 की डूबकर मौत

## मरने वालों में आरएएफ जवान, बेटी-बेटा और पड़ोसी बच्चा, बच्चों को बचाने में नदी में डूब गया पिता, परिवार में सिर्फ पत्नी व एक साल का बेटा बचा है

**अखंड भारत संदेश**



पिता- उमेश | बेटा- विवेक | बेटी -स्वीटी | अभिनव, मृतक

**प्रयागराज।** एक बार फिर दिल दहला देने वाली ह्दय विदारक घटना बुधवार सुबह गंगा नदी में डूबकर आरएएफ जवान और उनका बेटा-बेटी तथा पड़ोसी के बच्चे की मौत हो गई प्रयागराज में बुधवार सुबह यह दर्दनाक हादसा गंगा नदी में नहाते समय 4 लोग डूब गए रिस्व्यू ऑपरेशन के दौरान आरए एफ जवान उनका बेटा-बेटी और पड़ोसी बच्चे का शव बरामद हो गये हैं। बिजली कटने के कारण घर में पानी नहीं आ रहा था। इसलिए ये लोग घाट पर नहाने गए थे। हादसा शिवकुटी के घाट पर सुबह करीब 8:15 बजे का है दरअसल, रैपिड एक्शन फोर्स के 101 बटालियन के जवान उमेश बेटे विवेक (12), बेटी स्वीटी (8) और पड़ोसी अभय प्रताप सिंह के बेटे अभिनव (10) के साथ सुबह करीब 8 बजे घाट पहुंचे थे। सभी लोग नहाने के लिए नदी में उतरे। इस बीच, सभी नदी के बीच में बने टीले पर जाने लगे। इस दौरान बच्चे डूबने लगे उमेश ने जब बच्चों का शोर सुना तो वह बचाने की कोशिश करने लगे। लेकिन 3 बच्चों समेत खुद गंगा में समा गए सूचना पर रैपिड एक्शन फोर्स और गोताखोर मौके पर पहुंचे काफी प्रयास के बाद पहले उमेश, विवेक और अभिनव के शव को नदी से निकाला गया। इसके कुछ देर बाद बेटी स्वीटी का भी शव बरामद हो गया शवों को शिवकुटी पुलिस ने लिखा-पढ़ी करके पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है 4 साल के बेटे को भी ले जा रहे थे लोगों का कहना है कि सुबह से बिजली नहीं आ रही थी इस वजह से सभी लोग गंगा नदी में स्नान करने के लिए गए थे घर पर उमेश का एक 4 साल का बेटा छोटू और पत्नी संगीता ही बचे थे उमेश छोटू को भी ले जा रहे थे लेकिन जब बच्चा रोने लगा तो वह उसे संगीता की गोद में देकर चले गए सूत्रों से पता चला है कि उमेश का कुछ दिन पहले श्रीनगर के लिए ट्रांसफर भी हो चुका है वह बिहार के आरा जिले के रहने वाले हैं घटना से रैपिड एक्शन फोर्स परिसर में कोहराम मच गया उमेश की पत्नी संगीता का रो-रोकर बुरा हाल है।

## प्रयागराज नगर निगम को करीब 7 करोड़ रुपए का मिला बजट, कुल 100 वार्डो में प्रत्येक वार्ड को मिलेंगे 20-20 लाख रुपये का बजट

# महापौर गणेश केसरवानी ने पार्षदों से मांगे विकास कार्य संबंधित प्रस्ताव

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** में नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी और 100 पार्षदों वाली सदन अब विकास कार्यों के मुदे पर आगे बढ़ रही है। शहर के प्रत्येक वाडों में विकास कार्य की रूपरेखा तैयार की जा रही है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 100 वार्ड हैं, प्रत्येक वार्ड में 20-20 लाख रुपए के बजट के हिसाब से विकास कार्य होने हैं इसके लिए महापौर की ओर से सभी 100 पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्य संबंधित प्रस्ताव मांगे गए हैं प्रयागराज को मिले हैं 7 करोड़ का बजट महापौर ने बताया कि विस्तारित क्षेत्रों में नगर सृजन योजना के तहत कार्य कराए जाने हैं। इस योजना के अनुसार प्रयागराज नगर निगम को करीब 7 करोड़ रुपए का बजट मिला है। उम्मीद है कि करीब एक माह में विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। मंगलवार को नगर निगम सदन की बैठक में भी महापौर ने इस पर जोर दिया है। कहा कि प्राथमिकता के आधार पर जिन कार्यों को कराया जाना है उसका प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराएं नगर निगम की कार्यकारणी में 9 इखढ के नगर निगम सदन की बैठक मंगलवार को हुई है। इसमें कार्यकारिणी के लिए 12 निर्विरोध सदस्य चुने गए हैं इसमें सबसे ज्यादा सदस्य भाजपा के हैं जबकि दो सपा, एक कांग्रेस और एक निर्दल पार्षद सदस्य चुने गए हैं। अब जल्द ही उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा उम्मीद है कि उपाध्यक्ष भी भाजपा से ही होगा क्योंकि यहां भाजपा सदस्यों की संख्या सबसे ज्यादा भी है।

## 17 जून को होगी जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक

**प्रयागराज।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन नौसेना भारतेन्द्र सिंह कंवर अ.प्रा. ने अवगत कराया कि जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक दिनांक 17.06.2023 को अपरान्हं 12.30 बजे संगम सभागार, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित की जायेगी। यह बैठक उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहुत की जानी है जिसमें जिले के नामित पदाधिकारी एवं समस्त विकास खण्डों के पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी-अपनी समस्यायें जिलाधिकारी महोदय के समक्ष रखते हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उन समस्याओं का निराकरण उसी समय या पत्राचार के माध्यम से किया जाता है। अतः जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों/ उनकी वीर नारियों एवं उनके आश्रितों से आग्रह किया जाता है कि उपर्युक्त आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

# ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली प्रेमिका के घर पर बमबाजी

**अखंड भारत संदेश**



**युवती युवक से बनाने लगी थी दूरी, ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली लड़की ने लिखाया मुकदमा**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस इलाके में प्रेमिका के शादी से इनकार करने से बौखलाए प्रेमी ने उसके घर पर बमबाजी करके दहशत फैला दिया। इस घटना के बाद से लड़की के घरवाले डरे सहमे हुए हैं। इस संबंध में सिविल लाइंस कोतवाली में नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस संदिश्थ को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है इलाके में रहने वाली एक लड़की ब्यूटी पार्लर में काम करती है। जॉर्ज टाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर निवासी गौरव यादव से उसकी फ्रेंडशिप थी। दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई थी। करीब डेढ़ साल तक उनके बीच फोन पर बातचीत और चैटिंग होती रही इधर कुछ दिनों से युवती गौरव से दूरी बनाने लगी थी, जो गौरव को नागवार गुजर रहा था वह उसके करीब आना चाहता था, लेकिन लड़की उससे दूरी बना रही थी। आखिर में लड़की ने उसके शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया, लेकिन गौरव मान नहीं रहा था वह उसके पीछे पड़ा हुआ था बार-बार लड़की मना कर रही थी, लेकिन गौरव उसका पीछा कर रहा था आपत्तिजनक फोटो और धमकी भरे मैसेज उसे भेज रहा था। पुलिस के मुताबिक, व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक फोटो और धमकी भरे मैसेज भेज रहा था वह लगातार दबाव बना रहा था के अगर कहीं और शादी की तो वह शादी होने नहीं देगा खुद से शादी करने का गौरव दबाव बना रहा था। जब युवती ने स्पष्ट शब्दों में उसे शादी करने से मना कर दिया तो बीती रात गौरव ने उसके घर पर जाकर बमबाजी कर दिया इससे पूं घरवाले दहशत में आ गए इस संबंध में युवती ने गौरव यादव के खिलाफ बमबाजी, छेड़खानी और आईटी एक्ट की धारा में सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है सिविल लाइंस इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह का कहना है कि गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है जल्दी उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के एनेक्सी भवन में लगी आग

**अखंड भारत संदेश**

## फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू रद्दी फाइलें, इलेक्ट्रानिक वायर जला



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने स्थित महाधिवक्ता कार्यालय के पीछे रखी अलमारी और रद्दी फाइलों में बुधवार को आग लग गई। आग की लपटे देखकर हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड के सीएफओ 3 गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए.इसी बीच एनेक्सी भवन के बेसमेंट में आग लगने से खलबली मच गई। तुरंत फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पिछले वर्ष महाधिवक्ता कार्यालय में लगी आग से लाखों का नुकसान हो चुका है।

**महाधिवक्ता कार्यालय के पीछे रखा था कबाड़ :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने स्थित महाधिवक्ता कार्यालय के पीछे कबाड़ रखा था। वहीं जनरेटर रूम के पास पुरानी कबाड़, रद्दी फाइलें भी रखी हुई थी। बुधवार को अचानक रद्दी के ढेर में आग लग गई। आग की लपटे देख वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

**आग की चिंगारी एनेक्सी भवन के बेसमेंट तक पहुंची :** इलाहाबाद हाईकोर्ट बंद होने के कारण वहां पर नाम मात्र के कर्मचारी मौजूद थे। तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग लगने के बाद चल रही धूल भरी आंधी की हवा से आग की लपटें तेज होने लगी। जिससे आग की चिंगारी एनेक्सी भवन के बेसमेंट तक पहुंच गई। वहां इलेक्ट्रानिक वायर में आग लग गई थी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जांच में इस बात का पता चला है कि किसी ने सिगरेट जलाया था। जिसकी वजह से आग लग गई। आग बुझाने में इसलिए ज्यादा समस्या आई, क्योंकि घटनास्थल तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचना बड़ा मुश्किल था। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि आग कबाड़ में लगी थी रद्दी सामान जला है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिससे कोई बड़ी क्षति नहीं हुई।

## चोरों ने मकान से नगदी समेत लाखो का आभूषण किया पार

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जारी बाजार गल्ला मंडी के पास मंगलवार की बीती रात संदीप (सोनू) केसरवानी पुत्र अशोक केसरवानी के घर पर चोरों ने घर के बगल से सीढ़ी से चढ़कर छत पर दाखिल हो गए। घर के सभी परिजन छत पर सो रहे थे। सूने कमरे के दरवाजा की कुंडी खोलकर कमरे में दाखिल हुए। आलमारी में रखा ढेढ़ तोला सोना,सात सौ ग्राम चांदी, चौदह हजार नगदी, एक एंड्रायड मोबाइल समेत कुछ कीमती सामान उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि ऑटो चलाकर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करता हूं । लगभग दो लाख रुपये का सामना चोरो ने पार कर दिया ।सुबह 5 बजे घर के परिजनों की नींद खुली तो दंग रह गए। चोरी की घटना सुनते ही लोगो की भीड़ जुट गई। जारी क्षेत्र में चोरी, छिनैती की घटनाएं बढ़ रही है जिससे चोरो के हौसले बुलंद है ।आये दिन चोरो द्वारा एक नए घटना को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना पर पहुँची पुलिस जानकारी लेकर जाँच में जुटी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

# सांसद ने किया स्व. राम कैलाश त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में संस्थान के प्रणेता एवं प्रेरणा स्त्रोत स्व. राम कैलाश त्रिपाठी जी की प्रतिमा का अनावरण उनकी पुण्य 14 जून 2023 को मुख्य अतिथि प्रो0 (डॉ0) रीता बहुगुणा जोशी मा0 सांसद प्रयागराज के द्वारा किया गया। सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने बताया कि आर के ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की नींव उनके पौत्र इं आशीष त्रिपाठी एवं डॉ. आशुतोष त्रिपाठी के द्वारा द्वारा रखी गई जो आज 6 संस्थानों एवं 13 से अधिक रोजगार परक पाठ्यक्रमों के संचालन के साथ ही यमुनापार के अनेक शिक्षण संस्थानो में शीर्ष पर रहते हुए शिक्षा क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर रहा है जो प्रयागराज के लिये गर्व की बात है। इसके बाद उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष व निवर्तमान एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है शिक्षा ही संसार में हमें श्रेष्ठ बनाती है। इस अवसर पर संस्था के प्रबन्ध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी ने संस्थान मे आए हुये अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्थान के बारे में अतिथियों को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रयागराज जनपद के विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, पीयूष रंजन निषाद, वाचस्पि, पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, प्रयागराज के कई वरिष्ठ पार्षदगण एवं जनपद प्रयागराज के सैकड़ो विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धकगण उपस्थित रहे।

## आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने किया रक्त दान शिविर का आयोजन



**नैनी।** नैनी बुधवार को आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में आरके कालेज आफ फामेर्सी द्वारा विश्व रक्त दान दिवस पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन संस्थाध्यक्ष चन्द्रनाथ त्रिपाठी द्वारा किया गया जिसमे लगभग 50 यूनिट रक्त का दान छात्रों एवं संस्थान के कर्मचारियों द्वारा किया गया उक्त अवसर पर फामेर्सी प्राचार्य डॉ0 सी0एस0 सिंह, कार्तिकेय मिश्रा, अमन कुशवाहा, शुभम मिश्रा, दिलीप कुमार, सतेन्द्र प्रकाश मिश्रा, उपेन्द्र शुक्ला, शैन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दीपक यादव, नेहा मिश्रा, हर्षिता श्रीवास्तव, पंकज चतुवेर्दी एवं मेडिकल टीम मे श्री अरुण कुमार द्विवेदी, अतुल कुमार, सचिन केसरवानी, विजेन्द्र, शोभित, प्रमोद, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 14 जून विश्व रक्तदान दिवस : प्रयागराज में पुलिस की सराहनीय पहल जरूरतमंदों को उपलब्ध करा रहे ब्लड

# पुलिस मित्र ग्रुप में पुरुषों के साथ महिला कॉन्टेबल भी करती हैं रक्तदान





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** 14 जून यानी विश्व रक्तदान दिवस मनाया विशेष दिन हम बात करेंगे "पुलिस मित्र" ग्रूप की, पुलिस की लापरवाही व मनमानी की कहानी तो आए दिन सुनाई देती है लेकिन वहीं दूसरी ओर वही पुलिस लोगों के लिए मददगार भी बनती है। वही पुलिस अपने खून से लोगों को जिंदगी भी दे रही है आज 14 जून यानी विश्व रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। इस विशेष दिन हम बात करेंगे "पुलिस मित्र" ग्रूप की, जिसकी शुरूआत की थी आशीष मिश्र ने आज से करीब 6 साल पहले संकल्प लिया था कि वह खून के

**आशीष मिश्र को अधिकारियों की ओर से किया जा चुका है सम्मानित**

अभाव में किसी की जान नहीं जाने देंगे। उनकी यह मुहिम अब रंग ला रही है। पूरे प्रदेश भर से पुलिस के लोग उनकी इस मुहिम में उनके साथ चल दिए हैं जरूरत है तो तत्काल उपलब्ध कराएंगे खून आशीष मिश्र बताते हैं कि अब तक 4 हजार से ज्यादा लोगों की जान हमने पुलिस मित्र ग्रुप के जरिए बचाई प्रयागराज ही नहीं बल्कि प्रदेश के किसी भी शहर में किसी को ब्लड की अवश्यकता हुई, तो हम पुलिस मित्र ग्रूप पर पोस्ट डाल देंते हैं। उस शहर में तैनात पुलिस के जवान तत्काल ब्लड उपलब्ध कराते हैं आशीष कहते हैं कि खून ऐसे जरूरतमंदों को उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होती है। जिनके परिवार में कोई खून देने वाला नहीं होता है एक बच्चे की मौत के बाद बना "पुलिस मित्र" कॉन्स्टेबल आशीष बताते हैं कि आज से 6 साल पहले की बात है। एक मां ने अपने बेटे के लिए हमसे ब्लड उपलब्ध कराने के लिए कहा। बेटा अस्पताल में भरती था मुझे ब्लड उपलब्ध कराने में समय लग गया, तब तक उस बच्चे की जान जा चुरकी थी इस घटना ने ऐसा झकझोरा कि उसी दिन इस मुहिम की शुरूआत कर दी आज बड़े पैमाने पर इसका विस्तार हो चुका है।



## प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जु भैया विश्वि विद्यालय के छात्रों ने किया रक्तदान

**मेजा रोड।** प्रोफेसर एस राजेन्द्र सिंह (रज्जु भैया ) विश्वविद्यालय में 14 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन मल्टीपरपज हॉल में किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह बताया कि कुछ लोग रक्त दान करने से डरते हैं जबकि रक्त दान करने से हमारे अंदर की खून की कमी को दूर करने के लिए इससे बढ़िया तरीका नही हो सकता। लोगो को रक्त दान करने के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए उससे सेहत और दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल की दौरे की खतरा बढ़ा सकती है। डॉ. उत्कर्ष उपाध्याय ने बताया कि रक्तदान महादान है इसलिए समय -समय पर लोगो को रक्तदान करना चाहिए दान किये गए रक्त से कई लोगो की जिंदगी बच सकती है। मौके पर उपस्थित डा. उत्कर्ष उपध्याय, डा. दिव्या द्विवेदी, डा. मधु कुमारी शिविर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# सामाजिक संस्था नाज ने करैली से निकाली जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** करैली के साठ फिट रोड से विश्व रक्तदान दिवस पर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को रक्तदान के महत्व से रुबरु कराया गया ।नाज हास्पिटल ,नाज ब्लड बैंक ,रोटरी इलाहाबाद एकेडीमिया ,मैक्स चिल्ड्रेन हास्पिटल,आई हास्पिटल के समस्त डाक्टर नर्स स्टाफ व ब्लड डोनेशन कर इतिहास रचने वाली संस्थाओं व सदस्यों ने रैली के माध्यम से जन जागरुकता अभियान में प्रतिभाग किया ।करैली रिद्धी सिद्धी चौराहा ,पहलवान चौराहा , मुस्तफा गार्डेन के पास रोटरी के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक किया ।डॉ नाज फात्मा ने कहा ब्लड मानव शरीर में जीवन का संचार करने वाला तरल पदार्थ है ।एक युनिट ब्लड से कुल तीन ज़िन्दगियां बचाई जा सकती हैं ।कहा रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतियां फैली हैं जिसके कारण लोग रक्तदान करने से कतराते हैं ।लेकिन वह यह जान लें कि रक्तदान करने से ह्रदयाघात की सम्भावना कम होती है। रक्तदान से खून का थक्का नहीं जमता ।रक्तदाता का खून रक्तदान करने के पश्चात कुछ मात्रा में पतला हो जाता है जिससे ह्रदयाघात का खतरा कम हो जाता है ।शरीर में आक्सीजन ठीक ढ़ंग से सप्लाई होने लगती है। रक्तदान आप के वजन को कम करने में भी सहायक होता है ।इस लिए लोग रक्तदान करने को जागरुक हो इसी को ध्यान में रखते हुए आज विश्व रक्तदान दिवस पर करैली के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को रैली के माध्यम से जागरुक किया गया। डॉ विश्वदीप केसरवानी ने कहा 18वर्ष आयु से 65 वर्षीय कोई भी पुरुष या महिला रक्तदान कर सकती है ।कहा रक्तदान करना सबसे बड़ा महादान कहलाता है ।और जो ब्लड डोनेट करते हैं। उन्हें लोग सम्मान भी देते हैं ।रैली में 35 वर्षों रक्तदान करने और अनेकों शिविरों के माध्यम से लोगों जीवनदान देने वाले शाहिद अस्करी ने रैली में शामिल होकर जनमानस को रक्तदान के महत्व और रक्तदान करने से कतराने वालों को जागरुक किया और रक्तदान करने के प्रति मोटिवेट किया। डॉ नाज फात्मा, डॉ विश्वदीप केसरवानी, डॉ ईशान जैदी ,डॉ जमशेद अली, डॉ हरदीप कौर, डॉ आरिफा, डॉ काशिफ सिद्दीकी , डॉ आजाद , डॉ जमाल, डॉ वसीम, रोटेरियन पूनम रे, रोटेरियन प्रदीप मुखर्जी, रोटेरियन तारिक खान, रोटेरियन डॉ अफरोज जहां, रोटेरियन डॉ कदीर, रोटेरियन शम्स तबरेज, रोटेरियन मीना खान, रोटेरियन आफरीन खान, रोटेरियन डॉ फिरोज, रोटेरियन डॉ निजाम, रोटेरियन आफताब अहमद, रोटेरियन शाहिद कमाल खान, मोहम्मद परवेज, सैय्यद मोहम्मद अस्करी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# श्रीयम त्रिपाठी व विकास यादव को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

## राजकीय इंटर कालेज में जनपद स्तर के मेधावियों को विधायक ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के दो छात्रों को प्रदेश मेरिट में आने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक-एक लाख रुपये, टैबलेट व प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, वहीं जिले की मेरिट में पांच स्थान पाने वाले को राजकीय इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य व जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओ0पी0 राय ने 21 हजार रुपये का डेमो चेक, टैबलेट व प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पत्र पाकर जहां मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गये हैं, वहीं जिले का मान-सम्मान भी बढ़ा है। इससे षिक्षा विभाग व जनपदवासियों में खुषी की लहर है। लखनऊ के लोक भवन सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के सभी बोर्डों के राज्य स्तरीय मेरिट के पांचवे स्थान तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



जनपद स्तर के मेधावियों को सम्मानित करते सदर विधायक व डीआईओएस।

राज्य स्तरीय मेरिट के छठवें से दसवें स्थान प्राप्त विद्याथियों तथा जनपद स्तरीय मेरिट के पांचवे स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को जनपदों में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ ओपी राय द्वारा मेधावी सम्मान समारोह 2023 लखनऊ हेतु जनपद प्रतापगढ़ से नामित नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मो अनीस, माशिप उप्र की हाई स्कूल परीक्षा 2023 में राज्य स्तरीय मेरिट में 5वां स्थान प्राप्त कृपालु बालिका इंटर कालेज कुंडा प्रतापगढ़ की छात्रा श्रीयम त्रिपाठी, संस्कृत माशिप उ प्र की उत्तर मध्यमा द्वितीय खण्ड की परीक्षा 2023 में राज्य स्तरीय मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त राम टहल संस्कृत मा विद्यालय सैफाबाद प्रतापगढ़ का छात्र विकास यादव,शिक्षक कन्हई प्रसाद यादव आदि ने प्रतिभाग किया। जनपद प्रतापगढ़ से विकास यादव संस्कृत बोर्ड रामटहल संस्कृत उमा विद्यालय यदुनाथ पुर सैफाबाद प्रतापगढ़ और श्रीयम त्रिपाठी यूपी बोर्ड कृपालु बालिका इंटर कॉलेज कुंडा प्रतापगढ़ मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत हुए और माध्यमिक शिक्षा विभाग और जनपद और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह,परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव शिक्षा प्रदीप कुमार, विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा डॉ रूपेश कुमार, महानिदेशक स्कूल माध्यमिक शिक्षा विजय किरण आनंद और शिक्षा निदेशक (मा.शि.) केके गुप्ता, जेडी लखनऊ सुरेंद्र तिवारी, डीडीआर लखनऊ डॉ ओपी मिश्रा, डीआईओएस लखनऊ राकेश कुमार, एडीडीआर जेएस यादव आदि उपस्थित रहे.विद्यार्थियों की उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ ओपी राय,सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ एसपी द्विवेदी, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मोहम्मद अनीस, गरिमा श्रीवास्तव, गीता, राज कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया और बधाई दिया।

# पूर्व शिक्षक व समाजसेवी के निधन पर लोगों ने जताई संवेदना

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पूर्व शिक्षक व समाजसेवी रहे अक्षयवर सिंह का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर जहां परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी वही क्षेत्र में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना जताई है। पट्टी तहसील क्षेत्र के फतेहपुर (भरोखन) गांव के अक्षयबर सिंह (92) महाराष्ट्र में बतौर शिक्षक लगभग 25 वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान किया। वहां से सेवानिवृत होने पर वह घर आकर वह समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने लगे। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी ठाकुर अक्षयबर सिंह लोगों की मदद के लिए जाने जाते थे। हदयघात होने के कारण वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। बुधवार की दोपहर 2 बजे उनका निधन हो गया। उनके निधन पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वहीं क्षेत्र के कई लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना जताई। क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह पत्रकार अवधेश सिंह, पप्पू सिंह, अजय सिंह सहित कई लोगों ने उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया है।

# घरेलू विवाद में देवर ने भाभी व उसकी बेटी को पीटकर किया लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आपसी विवाद को लेकर घर के सामने बैठी भाभी व उसकी बेटी को देवर और इसके बच्चों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव की रहने वाली उर्मिला सिंह पत्नी राकेश सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह 11 बजे के आसपास वह अपने घर के पास बैठी थी। इसी बीच देवर और उसके बच्चे आकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बेटी मनीषा सिंह तथा ममता को देवर ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट पांच घायल, दो की हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई इस मारपीट में एक पक्ष से 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जबकि दूसरे पक्ष से भी दो महिलाएं थाने आई थी। कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी की रहने वाली ममता देवी का आरोप है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है। उसी विवाद के चलते बुधवार की सुबह करीब 8 बजे पड़ोसी एक राय होकर लाठी-डंडा लेकर दरवाजे पर चढ़ाई और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान मधु, माधुरी, नंदलाल, शिवम, ममता को गंभीर चोटे आई। घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया तो पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने इलाज के दौरान गम्भीर हालत के चलते मधु और माधुरी को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामले में पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष से भी दो महिलाएं कोतवाली पहुंचकर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर महिला समेत परिवार के सदस्यों की पिटाई का केस दर्ज किया है। लालगंज के सराय जानमती बबुरी निवासी शेखावत की पत्नी शीतुननिशा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बारह जून को विपक्षी लियाकत अली पुत्र दाउद तथा लियाकत के पुत्र मोनू व लियाकत की पत्नी जरीना तथा पुत्री मुस्कान ने रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर गालीगलौज करने लगे। पीड़िता ने मना किया तो विपक्षियों ने घर के अंदर तक घुसकर पीछा करते हुए उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी लियाकत समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सामूहिक मानस पाठ को लेकर हुआ भण्डारा, उमड़े श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम् में मंगलवार की देर शाम मयार्दा पुरूषो×ाम श्रीराम, भगवान् हनुमतलला का पूजन महोत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर में सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ व हवन पूजन में पुलिसकर्मियों के साथ नगरवासियों की उत्साहजनक सहभागिता दिखी। वहीं श्रद्धालुओं ने पंचमुखी हनुमान जी समेत मंदिर में स्थापित भगवान श्रीशिव, भगवान श्रीराधेकृष्ण, मां शारदा, मां सरस्वती जी, मां पीताम्बरा, मां दुर्गा, शनिदेव जी महराज, मां विशालाक्षी, श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की प्रतिमाओं का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया। मंदिर परिसर में देर शाम सामूहिक हनुमान चालीसा व भजन संकीर्तन मे भी आस्था की रंगत चढ़ी दिखी। वहीं आयोजन को लेकर प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल व लक्ष्मी पाल के संयोजन में भण्डारे मे भी श्रद्धालुओं ने देर रात तक प्रसाद चखा। कार्यक्रम में पं. अशोक तिवारी, पं. रामचंद्र शुक्ल, पं. राजेश शुक्ला, एसएसआई जावेद अहमद, एसआई राजेश कुमार, एसआई शिशिर पटेल, रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह, दीवान ज्ञानचंद्र तिवारी, शशिकला, कोमल श्रीवास्तव, प्रेमवीर सिंह, महेश चौधरी, संतोष गिरि, गोपाल, आदि का धार्मिक अनुष्ठान में सराहनीय योगदान दिखा।

# ट्रक में मिला ड्राइवर का शव, हड़कंप

## सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मानिकपुर के पास खड़े ट्रक में ड्राइवर का शव मिला काफी देर से खड़ी ट्रक को देखकर लोगों ने जब उसमें देखा तो ड्राइवर मृत पड़ा था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के फतेहउल्लापुर में एक ट्रक खड़ा था सुबह काफी देर तक उसके खड़ा रहने पर लोगों को शंका हुई तो उन्होंने जाकर ट्रक के अंदर देखा ट्रक के अंदर ड्राइवर का शव पड़ा था। इस पर लोगों ने इसकी सूचना मानिकपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली तो उसका आधार कार्ड मिल गया। आधार कार्ड में ड्राइवर का नाम विनोद कुमार पुत्र भजनलाल निवासी पौड़ी गढ़वाल जीटी रोड कानपुर लिखा हुआ था। इसके आधार पर पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना भिजवाई। इसके साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

# मोदी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान बढ़ाः धीरज ओझा

## रानीगंज व गौरा मण्डल के प्रबुद्ध सम्मेलन में बोले पूर्व विधायक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के रानीगंज व गौरा मण्डल में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में आए क्षेत्र के पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान बढ़ाने के लिये अनेक कार्यक्रम चलाये हैं।

तीन तलाक समाप्त करने से महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ी है। विगत नौ वर्ष के शासन काल की चर्चा करते हुए पूर्व विधयक धीरज ओझा ने कहा कि आज महिलाओं के नाम पर भी राषन कार्ड, मकान सभी कुछ बनता है, इससे महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र में महिलाओं के लिये स्कूल, कालेज व अस्पताल खुलवाया और आगे भी इतनी सुविधा दी जाएगी कि महिलाओं को रानीगंज से बाहर न जाना पड़ेगा। कार्यक्रम की संयोजिका वंदना त्रिपाठी तथा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा रुचि केसरवानी ने भी प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्हें विकास का इस युग का महानायक बताया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव ने महिलाओं की कन्या धन तथा अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नगर महामंत्री मीना तिवारी, संजू देवी, रीना विष्वकर्मा, रेनू त्रिपाठी, शषि त्रिपाठी, सीमा व सैकड़ों महिलाएं प्रबुद्ध सम्मेलन में मौजूद रहीं।



रानीगंज मण्डल में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में मौजूद पूर्व विधायक धीरज ओझा।

# बरियावां हत्याकांड का नवाबगंज पुलिस ने किया खुलासा

## मृतक की पत्नी शिवकुमारी व हत्यारोपी प्रेमी को भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में शनिवार की भोर पहर थाना क्षेत्र के बरियावां किलकिलहा देव आश्रम के जाने वाले सड़क के किनारे गड्डे मे ऊंचाहार थाना क्षेत्र के हामिदपुर बड़ा गांव निवासी होरीलाल यादव पुत्र झुरीलाल यादव (38) वर्षीय का रक्तरंजिश शव मिलने पर पुलिस ने मृतक की पत्नी शिव कुमारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए घटना की जाँच शुरू कर दी।

घटना का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि मृतक की हत्या की जाँच के दौरान शक की सुई मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी की तरफ दौड़ने लगी जिस पर पुलिस ने मृतक के हत्यारोपी थाना क्षेत्र के बैरागीपुर निवासी सुभाष यादव पुत्र शंभूनाथ यादव को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बरई का पुरवा से गिरफ्तार करके पूछताछ् शुरू किया तो सच सामने आ गया मृतक की पत्नी शिव कुमारी व प्रेमी सुभाष यादव ने मिलकर होरीलाल को रास्ते से हटा देने की योजना बना डाली और शिव कुमारी ने अपने पति को शुक्रवार की शाम बहन के यहां आम पहुंचाने की योजना बनाते हुए भेज दिया जिस पर आम देने के बाद शिव कुमारी ने फोन करके अपने प्रेमी को बता दिया। होरीलाल आम देकर बहन के घर से साढ़े छह बजे निकल चुका है योजनाबद्ध तरीके से थाना क्षेत्र के किल किलहा आश्रम के सुनसान रास्ते पर घात लगाकर बैठे प्रेमी सुभाष यादव ने अकेले होरीलाल को लोहे के गदलहा से मारकर हत्या करके फरार हो गया। पुलिस ने हत्यारोपी प्रेमी सुभाष यादव पुत्र शंभूनाथ यादव बैरागीपुर निवासी व मृतक की पत्नी प्रेमिका शिव कुमारी को उसके घर से गिरफ्तार करके मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एस आई सुरेंद्र सिंह, इंदल यादव सूर्य शेखर, दीप्ती सिंह, शिवानी साहू आदि लोग मौजूद रहे।

# अलंकित ने लहराया नीट में परचम, परिजनों में जश्न

## लशम सिंह का एमबीबीएस में हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चिलबिला निवासी अलंकित जायसवाल ने नीट की परीक्षा में 99.230 परसेंटाइल लाकर एमबीबीएस के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। चिलबिला के कारोबारी राजेश जायसवाल के दूसरे नंबर के पुत्र अलंकित जायसवाल के चयन के बाद परिजनों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

बता दें कि अलंकित के परिवार में जहां गोविंद राम जायसवाल वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं वही डॉ बी एल जायसवाल, डॉ अलंकार जायसवाल, डॉ अंकित जायसवाल चिकित्सा सेवा में पहले से जुड़े हुए हैं। परिवार के बालक अलंकित के चयन पर परिजन जहां प्रसन्न है वहीं बाजार में भी खुशी मनाई जा रही है। अलंकित का तीसरे तीसरे प्रयास में चयन हुआ है। लगन और मेहनत के बल पर अलंकित ने सफलता अर्जित की है। अलंकित के अनुसार कठिन परिश्रम के बल पर उन्हें यह सफलता मिली है। अलंकित ने आत्रेय एकेडमी से इंटरमीडिएट की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण की है। अलंकित का भाई इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। वहीं रानीगंज के रस्तीपुर गांव के लशम सिंह का एमबीबीएस में चयन हुआ है। समाजसेवी आलोक सिंह के पुत्र लशम सिंह को यह सफलता पहले प्रयास में मिली। लशम सिंह के बाबा स्व पी राम जिले के प्रतिष्ठित अधिवक्ता और पूर्व में जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रहे है और दादी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थी। लशम पूर्व न्यायिक सदस्य फोरम और रानीगंज तहसील के प्रतिष्ठित अधिवक्ता देवेश सिंह के भतीजे है। लशम की इस सफलता से परिजनों के साथ रानीगंज क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। सफलता की सूचना मिलने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश सिंह, अशोक कुमार मिश्रा, विजय शंकर यादव, सपा नेता पूर्व प्रमुख मो.शमीम, रसीद, मजीद, उमंग यादव, राजबहादुर यादव, घनस्याम यादव, रज्जू राजा, मुन्ना सिंह, पंकज शुक्ला, डॉक्टर प्रभात शर्मा, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, मनोज मिश्र एडवोकेट, शिवेंद्र सिंह एडवोकेट, राजकुमार यादव एडवोकेट, अमितेंद्र श्रीवास्तव, सत्यदेव तिवारी, अवधेश तिवारी, राजेंद्र श्रीवस्ता, अमिताभ श्रीवास्तव, बच्चन श्रीवास्तव आदि ने बधाई दी है।



अलंकित जायसवाल।



लशम सिंह।

# जेआईसी कालेज आलापुर के छात्रों ने मेडिकल परिणाम में किया नाम रोशन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के जे आई सी आलापुर प्रतापगढ़ में वर्ष 2022 मे इंटर की परीक्षा पास करने के बाद आंनद मौर्य पुत्र हरिश्चंद मौर्य मानिकपुर प्रतापगढ़ निवासी व प्रियांशु अग्रहरि पुत्र राजकुमार अग्रहरि निवासी मुरस्सापुर परियावां एक साल से घर पर रहकर मेडिकल एकजाम नेशनल की तैयारी किया जिसमें मंगलवार को परिणाम घोषित हुआ। जिसमे आंनद मौर्य को आल इंडिया रैंक मे 17572 व प्रियांशु अग्रहरि को आल इंडिया रैंक मे 27406 स्थान प्राप्त किया। दोनों की इस सफलता पर जहां घर के परिजन गदगद दिखाई दिये, वहीं जेआईसी कालेज आलापुर के प्रबंधक प्रवीण कुमार शुक्ला व कालेज के प्रधानाचार्य दुर्ग विजय सिंह ने आंनद व प्रियांशु की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए दोनों के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना किया। कालेज के सभी शिक्षकों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। फोन पर दोनों होनहार छात्रों व उनके माता पिता को अपनी शुभकामनाएं दिया।



आनंद मौर्य।



प्रियांषु अग्रहरी।

# कालाकांकर के कोटेदारों को लाभांश न मिलने से राशन वितरण करने से किया इंकार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत सरकारी राशन की दुकान से 13 जून 23 से फ्री में मिलने वाला राशन गेहूं, चावल व चीनी का वितरण 14 जून 23 तक नही किया गया जब की जिला पूर्ति अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा राशन वितरण का 13 जून से 22 जून 23 तक निर्देश दिया गया लेकिन कोटेदारों ने राशन वितरण नही किया। जानकारी करने पर कोटेदारों ने बताया कि माह दिसंबर 22 से मई 23 तक का अभी तक लाभांश नही दिया गया जिससे हम लोगो को परिवार का खर्च उठाने मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब कि कोटेदारों से माह नवंबर 22 मे अनाज उठाने के लिए ई चालान के माध्यम से पैसा जमा करवा लिया गया जो अभी तक वापस नही किया गया राशन का वितरण निःशुल्क होने से कोटेदारों का 8 माह से ई चालान द्वारा जमा किया गया अभी तक फसा हुआ है। कोटेदारों का ई चालान के द्वारा जमा किया गया पैसा कोटेदार सगठन वापस करने के लिए पुरजोर मांग कर रहा है और 6 माह से बकाया लाभांश न मिलने पर राशन वितरण न करने की संगठन कोटेदारों से आह्वान किया है। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार मल्होत्रा की अगुवाई मे प्रतिनिधि मंडल प्रकाश सिंह, प्रताप सिंह, धीरेन्द्र दीक्षित ने लखनऊ मे कोटेदारों के लाभांश का बकाया पैसा व ई चालान द्वारा नवम्बर 22 मे जमा किया गया।

# लकड़ी किचेन से दूर गैस मिले भरपूर लेकिन सिलेण्डर भरवाए नहीं पाओगे....

## नौवानार में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता कवि मंडल के बैनर तले नौवानार में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता स्वतंत्र कवि मंडल के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने की एवं संचालन महामंत्री अजीत शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ कवि केसरी नंदन शुक्ल केसरी रहे। आए हुए कवियों एवं अतिथियों का स्वागत ओज कवि अंजनी अमोघ ने किया एवं सभी अतिथियों का आभार शिक्षक अमित शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राणा सूबेदार सिंह चैहान रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त पी. सी. यस. अधिकारी ज्ञानेंद्र पांडे एवं अति विशिष्ट सहित एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अर्जुन पांडे एवं सुरेश बहादुर सिंह रहे। हास्य के कवि दीपेंद्र तनहा ने पढ़ा लकड़ी किचेन से दूर गैस मिले भरपूर लेकिन सिलेण्डर भरवाए नहीं पाओगे। कवि ज्ञानेंद्र पांडेय ने पढ़ा कलरव जहॉ विहंग कर रहे मनहर एक रागिनी लिखना। आयोजक कवि केशरी नन्दन शुक्ल ने पढ़ा, जब तक नही तराशा तुम कोरे पत्थर थे। ओज कवि अञ्जनी अमोघ ने पढ़ा अपनी कविता में भारत का गौरवगान लिखेंगे, सबसे अच्छा सबसे प्यारा अपना हिंदुस्तान लिखेंगे। कवि आशुतोष दीपक ने पढ़ा, जब भी मिले चुनौती तुझको, एक इतिहास को गढ़ा। सौरभ ओझा की पंक्ति कुछ यूं रही उर्मिला का भान तुम हो, राम का अभिमान तुम हो, संचालन कर रहे डॉ अजीत शुक्ल ने पढ़ा, रात ढलती रही दिन सँवरता रहा,जिंदगी का सफर यूँही कटता रहा। अनिरुद्ध मिश्र ने पढ़ा हूं कलम का सिपाही भले कुछ भी हो, झूठ को सच मैं कहना नहीं जानता। कवि सुरेश अकेला ने जीवन पर इस तरह पंक्ति पढ़ी, जीवन का कोई ठिकाना नहीं है। चला जाएगा कब बताना नहीं है। अध्यक्षता कर रहे अर्जुन सिंह ने पढ़ा एक दूजे को समर्पित भाव से कुछ क्षण बिता लें। शेष जीवन मे कहां, कब, कौन जाने क्या बने हैं। हरि वंश शुक्ल शौर्य ने पढ़ा सिंह दाँत हम गिनने वाले, अपना सीना तान लिखेंगे। कवि सम्मेलन में कमलेश गिरि कमल, यज्ञकुमार पांडेय, संजय शुक्ल, अब्दुल मजीद रहबर, अनूप त्रिपाठी, धर्मेश मौर्य, रघुनाथ यादव, रविकांत मिश्र शून्य, रामजी मौर्य, अब्दुल कलीम अहमद, राज कुमार सिंह, डॉ गुरु बचन सिंह बाघ, राजेन्द्र शुक्ल अमरेश, अजय अनहद ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर सर्वेश मिश्र, भगवती प्रसाद मिश्र, सुरेंद्र पांडे, रमाशंकर शुक्ल, पंकज शुक्ल, विनोद मिश्र, अनुभव तिवारी, कामिनी शुक्ला, सीमा शुक्ला, देवी प्रसाद मिश्र, उदय राज पाल, विनोद विश्वकर्मा, कामता तिवारी, फूलचंद पांडे आदि उपस्थित रहे।



कवि सम्मेलन में काव्य पाठ कहते कवि

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त प्रवीण कुमार उर्फ छोटू पुत्र अनिल कुमार निवासी चकसैनी थाना सैनी को टेडीमोड़ के बाहर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त कमल किशोर यादव पुत्र जगन्नाथ यादव निवासी पूरब सरावा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा दिया है

### निरोधात्मक कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से एक थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना सराय अकिल से एक थाना सैनी से दो थाना मोहब्बतपुर पईसा से दो थाना कड़ाधाम से एक कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया

# पिपरी क्षेत्र में फिर मिला अधेड़ का शव

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में अज्ञात लाशों का रिश्ता बहुत पुराना है इधर कई दिनों से फिर लगातार अलग-अलग क्षेत्र में अज्ञात लाशें मिल रही हैं जिनकी शिनाख्त कराना पुलिस के लिए मुमकिन नहीं लग रहा है हालांकि अज्ञात लाशों को पुलिस पोस्टमार्टम भेज कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्ति पा रही है जब लाश की शिनाख्त नहीं होगी तब मृतक के मौत का कारण नहीं स्पष्ट होगा लेकिन पुलिस अज्ञात लाश के खुलासे के प्रति गंभीर नहीं दिखाई पड़ रही है बुधवार की सुबह फिर पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर में एक अधेड़ की लाश मिली है लाश की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है लाश मिलने की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी चायल योगेश नारायण वा कोतवाल श्रवण कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे है पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया है लेकिन तमाम प्रयास के बाद लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है।मृतक कहां का है पिपरी थाना क्षेत्र तक वह

### काफी प्रयास के बाद भी अधेड़ के शव की नहीं हो सकी शिनाख्त, लगातार कई दिनों से अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शव मिलने से दहल रहे है जिले के लोग



कैसे पहुंचा उसकी मौत कैसे हुई तमाम सवाल का जवाब आम जनता चाहती है लेकिन इसका उत्तर देने को कोई तैयार नहीं है मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जाती है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मंगलवार को संदीपन घाट थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिल चुका है 3 जून को चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा में रेल लाइन पर एक व्यक्ति की दो टुकड़ो में लाश मिली है इस घटना का खुलासा और शिनाख्त पुलिस नहीं कर सकी है 31 मई को कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया रेल लाइन पर अधेड़ का शव मिला है 8 जून को चरवा थाना क्षेत्र में हत्या की घटना से इलाके के लोग दहल गए हैं लगातार रेल लाइन सहित विभिन्न स्थानों पर अज्ञात लाशें मिल रही हैं यदि वर्षों पूर्व की बात करें तो कई दर्जन लाश रेल लाइन पर मिली हैं जिन के खुलासे नहीं हो सके हैं अज्ञात लाश पुलिस अफसरों से न्याय मांग रही हैं वर्षों पूर्व कोखराज थाना क्षेत्र के रोही ओवर ब्रिज के पास प्रेमी युगल की लाश मिली थी बगल के गांव के प्रेमी युगल फरार हुए थे लोगों ने आशंका जताई थी कि यह दोनों लाशें बगल के गांव के प्रेमी युगल की है लेकिन पुलिस ने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया बरसों बीत जाने के बाद प्रेमी युगल की लाश की शिनाख्त पुलिस नहीं कर सकी है और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है चरवा थाना क्षेत्र के पनोई मोड़ पर सड़क किनारे अर्धनग्न हालत में बालिका की लाश वर्षों पहले मिली थी इस मामले का भी खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है सराय अकिल थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर कई कई महीनों पूर्व 4 लाशे मिल चुकी हैं 3 जून को चरवा थाना के सैय्यद सरावा रेल लाइन पर लाश मिलने का मामला हो या फिर 1 जून को सैनी कोतवाली के सिराथू रेल लाइन में लाश मिलने का मामला हो थाना पुलिस फिसड्डी ही साबित हुई है 6 जून को कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन पर और 1 जून को सराय अकील थाना क्षेत्र में भी लाश मिल चुकी हैं लेकिन पुलिस मामले को लेकर गंभीर नहीं है जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिल रही अज्ञात लाशों में कुछ मामलों को छोड़कर अधिकतर मामलों का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है रेल लाइन और सुनसान स्थान पर अज्ञात लाश मिलने के तमाम मामले हैं जिनका खुलासा करने के प्रति पुलिस गंभीर नहीं है

### सिराथू कस्बे में अज्ञात अधेड़ की हुई मौत

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बे के यादव मार्केट की सीढ़ियों पर 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है उसके झोले में ऊनी कपड़े शरीर में जैकेट पहन रखा था दोपहर तक वह सीढ़ियों पर बैठा था और शाम होते ही उसी जगह लुढ़क गया लोगों ने पानी डालकर देखा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी लोगो ने सिराथू चौकी पुलिस को सूचना दिया बताया जाता है कि मृतक मानसिक विक्षिप्त था काफी प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# बेटियों के साथ मिलकर चाची ने नाबालिग भतीजी को पीटा

### चारवा थाने की पुलिस चौकी बारियावा बनी पंचायत घर, पहले भी इस थाने में बालिका की आबरू की लगाई जा चुकी है कीमत

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के बारियावा गांव की नाबालिग बालिका रुबीना दिवाकर को उसकी चाची गीता देवी अपनी बेटियो ज्योति बन्दना के साथ मिलकर लगातार गाली गलौज कर पीट रही है 12 जून को फिर नाबालिग बालिका रुबीना को पीटा गया नाबालिग बालिका रूबीना के पिता की मौत हो चुकी है अनाथ नाबालिग बालिका मामले की फरियाद लेकर जब बारियावा पुलिस चौकी इंचार्ज के पास पहुंची तो पुलिस ने समझौता करा दिया कि अब चाची पिटाई नहीं करेंगी लेकिन पुलिस चौकी से वापस आने के दूसरे दिन 13 जून को चाची ने फिर डंडे से बालिका को पीटना शुरू कर दिया वर्षों से दबंग चाची अपनी बेटियों के साथ मिलकर भतीजी को पीट रही है लेकिन चौकी पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है चरवा थाना की यह पुलिस चौकी पंचायत घर बन चूको है चौकी इंचार्ज के बजाय यहां पर सरपंच की तैनाती होनी चाहिए इसी चौकी इंचार्ज ने 4 दिनों पूर्व चरवा थाने में एक बालिका के बलात्कार के मामले में इसी चौकी इंचार्ज ने बालिका की आबरू की कीमत लगाई थी मामले में पंचायत करा कर बालिका की आबरू की कीमत में मिले धन से लेनदेन के बाद थानेदार चौकी इंचार्ज और बालिका के पिता को कुछ रकम देकर मुंह बंद करा दिया गया है चाची और उनकी बेटियों के आतंक से पीड़ित दलित नाबालिग अनाथ बालिका ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फरियाद कर चाची और उसके बेटियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है बालिका ने बताया कि बीते 1 वर्षों से उसकी चाची अपनी बेटियों के साथ मिलकर जुल्म ज्यादती अत्याचार कर रही हैं आए दिन मारपीट करते हैं और चौकी पुलिस उनकी सुनवाई नहीं करती है बालिका की चाची और चौकी इंचार्ज के क्या रिश्ते हैं यह जांच का विषय है

# जेई और एनएचआई के खींचतान के चलते बिजली पानी की समस्या से जूझ रही आम जनता

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के मलाक भायल कोखराज में एनएचआई के खुदाई में विधुत केबिल कट जाने से विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है विद्युत सप्लाई बहाल करने में एनएचआई और विद्युत विभाग के अधिकारियों में खींचतान मची है जिसका खामियाजा ग्रामीण जनता भुगत रही है भीषण गर्मी में एक ओर जहां बिजली सप्लाई न मिलने से लोग गर्मी से बेहाल है वही बूंद-बूंद पानी के लिए ग्रामीण परेशान हैं विद्युत सप्लाई बाधित हो जाने से ग्रामीणों को गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा है आम जनमानस पानी के लिए व्याकुल परेशान दिख रही है हाइवे एनएचआई टीएनसी से बात करने पर वह बोले की राला फीडर जेई केबिल को ठीक करेंगे लेकिन विद्युत विभाग के जेई केबिल ठीक करने को तैयार नहीं है जेई के कारनामे से ग्रामीणों में आक्रोश भी बना हुआ हैं बिजली विभाग के जेई से हाइवे कि विद्युत केबिल ठीक करने की पर बात किया तो वह अपनी दबंगई में बोल रहे हैं कि जा कर एनएचआई से बात करो हमसे कोई मतलब नहीं है ग्रामीणों ने एन एच आई से बात की तो वह बिजली विभाग को सूचना दे कर चले गए ग्रामीणों ने कहाँ आखिर हम लोग कहाँ जाए आज ग्रामीणों ने हाइवे कर्मचारियों को घेरकर बिजली बहाल करने की बात कही ग्रामीणों ने कहा कि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो कार्य नहीं करने देगें भीषण गर्मी में बिजली की ग्यारह हजार केवीए की तार समेट कर विद्युत कनेक्शन काट कर विद्युत अधिकारी चले गए जेई द्वारा रुपये लेकर जोड़ देना जेई के प्रति लोगों का काफी आक्रोश दिखा लोगों का कहना है कि जेई गर्मी में जनता को पानी तक नहीं पीने देते ग्रामीणों के अनुसार विद्युत विभाग के जेई घर में घुसकर लोगों को परेशान कर रहे हैं व धमकी देकर लोगो का लोड बढाने की बात कर? डराते हैं व अपने सहयोगी से बात करने व जांच के नाम पर रुपये लेकर चले जाते हैं जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया की कई लोगों से धना दोहन भी वर्तमान जेई कर चुके हैं बिजली बिगडने पर बात करो तो इधर उधर की बात कर लोगों को टहलाते व परेशान करते रहते हैं ग्रामीणों ने जेई के कारनामे को उच्च अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की है विद्युत उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर विद्युत जेई के कारनामों की जांच हुई तो जेई पर कार्रवाई होनी तय है।

### घूसखोर जेई के खिलाफ कार्रवाई करने की ग्रामीणों ने की मांग बिजली आपूर्ति करने की अधिकारियों से लगाई गुहार



# अंधेरे में रहे ग्रामीण खेत खलियान को उजाला करने में लगी सिराथू विधायक

अखंड भारत संदेश

### सिराथू विधायक निधि के धन का खुलेआम हो रहा है दुरुपयोग

**कल्यानपुर कौशांबी** विधान सभा सिराथू में इन दिनों विधायक निधि के धन का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है गांव की जनता को उजाले की व्यवस्था सिराथू विधायक नहीं कर पा रही है लेकिन खेत खलिहान को उजाला करने के लिए सिराथू विधायक सरकारी धन को दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं विधायक कि यह दरियादिली लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है बताया जाता है कि व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य खेत खलियान को उजाला किया जा रहा है जो विधायक निधि के नियम कानून के विरुद्ध है लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विधायक निधि के दुरुपयोग पर रोक लगाए जाने की मांग की है सिराथू विधानसभा के ग्राम पंचायत ककोड़ा के मजरा चकिया में हाई मास्ट लाइट विधायक निधि से ऐसे जगह लगाया जा रहा है जिसका ग्रामीणों को दूर।दूर तक उजाला का कोई लाभ नहीं मिलेगा।कारण गांव से काफी दूर ऊसर में दूसरी ग्राम पंचायत की जमीन में हाई मास्ट लगाया जा रहा है ग्रामीणों की शिकायत है कि क्या विधायक सिराथू केवल एक व्यक्ति विशेष के लिए लाखों रुपए की सरकारी एकदम खर्च करके हाई मास्ट लगाने का निर्देश दिए है। या फिर उन्होंने सरकारी रकम से ग्रामीणों के लिए उजाला दिया है या फिर ऊसर या किसी व्यक्ति के खेत में उजाला होने के लिए हाई मास्ट लगाने के लिए सिराथू विधायक द्वारा सरकारी रकम दिया गया है ।यह ग्रामीणों में चर्चा का विषय है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत समाजवादी पार्टी कार्यालय में किया लेकिन ग्रामीणों की शिकायत को किसी ने ध्यान नहीं दिया यदि व्यक्ति विशेष के लिए हाई मास्ट विधायक निधि से लगाया जा रहा है विधायक निधि के दुरुपयोग के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि तो फिर आने वाले समय में व्यक्ति विशेष के पास ही समाजवादी पार्टी के लोग आएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के पास कही भी लाइट लगवा दिया जाय कोई आपत्ति नहीं है ।यदि गांव के पास लाइट नही लगता है तो ग्रामीण लोग इसका पूरा विरोध करेगे

### पुलिस कार्यालय के एक सिपाही से फरियादी परेशान

**कौशांबी** पुलिस कार्यालय में तैनात एक सिपाही फरियादियों से आए दिन अभद्रता की बातें करता है जिससे फरियादी परेशान हो गए हैं यह सिपाही अपने को पुलिस अफसरों से कम नहीं समझता है पुलिस कार्यालय फरियाद लेकर जाने वाले गरीब कमजोर मजलूम फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार करने में इस सिपाही का नाम हमेशा चर्चा में रहता है दलाल टाइप के लोगों की चमचागिरी कर यह सिपाही अपने को तुर्रम खान समझने लगा है बुधवार को फिर अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे फरियादियों और उनके साथ मौजूद लोगों से इस सिपाही ने अभद्रता पूर्ण बर्ताव किया है पुलिस कार्यालय में पहुंचे लोगों से काफी देर तक नोकझोंक होती रही अफसरों से मिलने गए फरियादियों को भी अफसरों से मिलने में भी यह सिपाही रोक लगाता है आए दिन फरियादियों से नोकझोंक करने वाले सिपाही की हरकतें सीसीटीवी कैमरे में जरूर कैद होगी सिपाही के कारनामों की ओर फरियादियों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उसे कानून का पाठ पढ़ाने का अनुरोध किया है

# रेप आरोपी से पीड़ित दलित ने एसपी से लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी** मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के कौशांबी थाना में सन 2021 में अपराध संख्या 119 धारा 366 363 आईपीसी सहित विभिन्न धाराओं का नामजद अभियुक्त दीपक के आतंक अत्याचार से कौशांबी थाना क्षेत्र के इटैला गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र इंद्र लाल सहित तमाम लोग पीड़ित हैं आए दिन गाली गलौज मारपीट उसकी आदत में शुमार है लेकिन चौकी पुलिस के सहयोग से उसका बाल बांका नहीं हो रहा है मनोज ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दीपक आए दिन पार्टी बन्दी कर परेशान करता है गाली गलौज धक्का-मुक्की तथा जान से मारने की धमकी स्वयं भी देता है अपने साथियों से भी दिलवाता रहता है 3 जून को आरोपी दीपक ने मनोज के पिता इंद्र लाल को धक्का-मुक्की किया गाली गलौज किया जान से मारने की धमकी दिया और 4 जून को फिर जान से मारने की धमकी दिया पीड़ित ने बताया कि कौशांबी थाने से शिकायत किया लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई आरोपी को बचाते हुए उल्टा शिकायतकर्ता मनोज के पिता इंद्र लाल को पुलिस ने शांति भंग की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है पुलिस की कार्यवाही से दलित परेशान है उसका कहना है कि गंभीर धाराओं के मुकदमे के आरोपियों से पुलिस के इतने अच्छे संबंधों के पीछे क्या कारण है पुलिस के इस कारनामे की जांच कराए जाने की जरूरत है बताया जाता है कि चौकी इंचार्ज बिदाव का गंभीर मुकदमा के आरोपी दीपक से गहरा संबंध है जिससे दीपक का आतंक कायम है और आए दिन लोगों के साथ झगड़ा लड़ाई गाली गलौज कर रहा है चौकी इंचार्ज बिदाव के कारनामों के चलते पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है

## न्यूज झरोखा

### अनाथ बच्चे की तालाब में डूब कर मौत



#### माता-पिता जेल में काट रहे है कारावास की सजा

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई गांव निवासी गुलाब उर्फ हब्बा और उसकी पत्नी बीते कई वर्षों से कारावास की सजा भुगत रहे है कारावास में गुलाब उर्फ हब्बा की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया उसका लालन-पालन गुलाब उर्फ हब्बा के बहनोई अमरनाथ पुत्र गोपी निवासी इटैली पुर थाना सैनी के घर पर होता रहा फूफा के घर में खेलते खाते बालक बड़ा हुआ जेल में जन्म लेने वाले बालक का नाम कृष्णा रक्खा गया जेल में जन्म लेने वाले कृष्णा की उम्र इस समय 12 वर्ष हो गई अपने फूफा अमरनाथ के यहां रहने वाले कृष्णा की 13 जून को तालाब में नहाते समय डूब जाने से मृत्यु हो गई है सूचना पाकर मौके पर अझुवा चौकी पुलिस पहुँची और पुलिस ने बालक कृष्णा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की जानकारी जैसे ही बालक कृष्णा के माता पिता को जेल में मिली कोहराम मच गया है

### दहेज हत्या के अभियुक्त को 08 वर्ष कारावास की सजा



**कौशाम्बी** थाना मंझनपुर अंतर्गत 22 नवम्बर 2018 को अभियुक्तों द्वारा वादी की लड़की को दहेज की मांग पूरी न हो पाने के कारण गले में फन्दा डालकर मार डालने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त रामबरन उर्फ भानसिंह पुत्र हरिचन्द्र निवासी गोबरसहाई थाना मंझनपुर को न्यायालय एडीजे एफटीसी 01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 08 वर्ष सश्रम कारावास तथा 14 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी

### दलित परिवार को दौड़ा दौड़ा कर पीट कर किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ खास गांव का गिरधारी लाल पासी पुत्र सुबेदार पासी मंगलवार की रात्रि तकरीबन 9:15 बजे अपने मवेशी को आबादी के गोड़ा में बांध कर अपने घर वापस आ रहा था! जैसे ही गांव के पंचायत भवन के पास पहुंचा गांव के पंकज सिंह पुत्र विन्देशरी व रोहित सिंह पुत्र महिपाल सिंह व शिवबहादुर सिंह पुत्र अवधनारायन विरेन्द्र सिंह पुत्र तेजबहादुर लाठी डण्डा व कुल्हाड़ी से लैस होकर कर गिरधारी लाल को रास्ते में जबरन दबंगई के बल पर रोक कर पुरानी रंजिशन के तहत भद्दी भद्दी गालियां देने लगे पीड़ित ने गाली का विरोध किया तो विपक्षीगण एकजुट होकर मारने पीटने लगे! पीड़ित के शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंच कर बीच बचाव करने लगे तो इन्हें भी बुरी तरह से मारा पीटा गया! पीड़ित के सर पर व परिजनों के शरीर में इत्यादि जगहों पर गम्भीर चोटे आई है! पीड़ित ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया! चार लोगों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मेडिकल के लिए चरवा पुलिस ने भेजा!

### अवैध पेट्रोल बेचने वाले के घर में लगी आग 3 झुलसे

**कौशाम्बी** पिपरी थाना के कटहुला गांव में अवैध तरीके से पेट्रोल बेचने वाले देशनाथ साहू के घर में अचानक आग लग गई है जिससे तेज लपटों के साथ पूरा घर जलने लगा परिवार के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बुझा नहीं सके बताया जाता है कि मकान में अवैध तरीके से पेट्रोल बेचा जा रहा था देशनाथ साहू के घर में जहां पेट्रोल रखा जाता था वहीं से आग शुरू हो गई है देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और परिवार के लोगों को अपने आगोश में ले लिया इस अग्निकांड में देशनाथ उनकी पत्नी और साली गंभीर रूप से झुलस गई हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है अवैध तरीके से पेट्रोल बेचे जाने के मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है घर में आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों का मौके पर मजमा लग गया लोग बचाव एवं राहत कार्य में जुट गये काफी प्रयास के बाद पेट्रोल में लगी आग पर काबू पाया जा सका है

### तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकराई बाल बाल बचे सवार

**कौशाम्बी** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई,टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,कार में बैठे नवयुवक बाल बाल बच गए,घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगो ने सभी नवयुवकों को बाहर निकाला और उन्हे घर भेजा। घटना पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी में एक कार में बैठकर 4 नवयुवक कही जा रहे थे,कार जैसे ही रेलवे ओवरब्रिज से उतरी अचानक अनियंत्रित हो गई और बिजली के खंभे से टकरा गई ।हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन सभी कार सवार बाल बाल बच गए।

### बंद घर से लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**करारी कौशांबी** करारी थाना क्षेत्र के बंधुरी रसूलीपुर गांव निवासी समरीन बेगम पत्नी मोहम्मद इरफान ने करारी कस्बा के नया गंज में नया घर बनाया है उस घर में उन्होंने अपनी शादी का बर्तन साड़ी जनरेटर बैटरी इनवर्टर आदि सामान रख दिया है मंगलवार की रात्रि को अज्ञात चोर दीवाल कूदकर घर के भीतर घुसे और दरवाजा तोड़कर शादी का बर्तन साड़ी जनरेटर बैटरी इनवर्टर समरसेबल की मोटर आदि समान उठा ले गए हैं मामले की सूचना समरीन बेगम ने थाना करारी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त महेश सरोज पुत्र रामखिलावन निवासी टडहर परसखी थाना कोखराज को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 127 वाहनों का ई-चालान किया गया

### खाद्य विनिर्माण प्रतिष्ठानों के प्रोपराइटर/डायरेक्टर/नामिनी वार्षिक रिटर्न 30 जून तक करें दाखिल

**कौशाम्बी** सहायक आयुक्त अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन शशि शेखर ने जनपद के समस्त खाद्य विनिर्माण प्रतिष्ठानों के प्रोपराइटर/डायरेक्टर/नामिनी को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 का वार्षिक रिटर्न 30 जून 2023 तक थ्वेबवे च्वतजंस के माध्यम से दाखिल करना सुनिश्चित करें। वार्षिक रिटर्न के अन्तर्गत खाद्य विनिर्माण (राईस मिलर, आटा मिलर, नमकीन, कचरी, बेवरेजेज, मिल्क पेयजल पैकेजिंग व अन्य रिलेबलर, रिपैकर एवं निर्यातक श्रेणी के प्रतिष्ठान आच्छादित होंगे। उन्होंने बताया कि रिटर्न केवल ऑनलाइन दाखिल किये जायेंगे, अलग-अलग प्रतिष्ठानों के लिए अलग-अलग रिटर्न दाखिल किया जायेंगा, वार्षिक रिटर्न ईमेल या व्यक्तिगत रूप से प्रेषित किये जाने पर स्वीकार नही किये जायेंगे, वार्षिक रिटर्न विलम्ब (30 जून 2023 के पश्चात) से दाखिल कियें जाने की स्थिति में प्रतिदिन रु० 100 विलम्ब शुल्क ऑनलाइन देय होगा। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये अधिकतम विलम्ब शुल्क वार्षिक लाइसेंस शुल्क का 05 गुना देय होगा एवं वार्षिक रिटर्न दाखिल किये बिना खाद्य लाइसेंस का नवीनीकरण नही हो सकेंगा। अधिक जानकारी हेल्पलाइन नम्बर /1800112100 एवं ईमेल पर प्राप्त की जा सकतीं हैं।

# मेधावी छात्र-छात्राओं से संवाद कर डीएम ने जिज्ञासाओं का किया समाधान

### अध्यक्ष एंव डीएम ने राज्य स्तरीय जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में सम्मिलित मेधावी छात्र-छात्राओं को चेक, टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उदयन सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2023 में राज्य स्तरीय/जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में सम्मिलित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ तथा कुल 20 मेधावी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं ईश्वर से उज्ज्वल भविष्य की कॉमना करते हुए अपेक्षा की कि इसी प्रकार आप लोग आगामी परीक्षाओं में भी जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन के दौरान प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा-2023 में जनपद के 04 विद्यार्थी टॉप-10 में आये हैं। जनपद के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रहीं है। उन्होंने कठिन परिश्रम कर यूपी बोर्ड परीक्षा में राज्य एवं जनपद स्तर पर टॉप-10 में स्थान बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकॉमनायें दी उन्होंने अपेक्षा की कि आगामी परीक्षाओं में भी जनपद के छात्र-छात्रायें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करेगे जिलाधिकारी के द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान अधिकतर छात्र-छात्राओं ने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कैसे की जाय की जिज्ञासा व्यक्त की जिस पर जिलाधिकारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि आप लोग पहले अपने अकेडमिक पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें तथा स्नातक परीक्षा के अन्तिम वर्ष से यूपीएससी की तैयारी करना प्रारम्भ करें समाचार पत्र पढें विशेषकर सम्पादकीय तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खबरों पर विशेष ध्यान दें आप लोगों को मुख्यमंत्री द्वारा टैबलेट दिया जा रहा है, इसका अपनी पढ़ाई में सदुपयोग करें सोशल मीडिया से दूर रहें। प्रतिदिन समय निर्धारित कर पढ़ाई करें नियमित स्कूल जायें तथा अध्यापकों से सवाल जवाब अवश्य करें उन्होंने अध्यापकों से कहा कि आप लोग छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का अवश्य समाधान करें अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अनुष्का सिंह (राज्य में 08वॉ स्थान), द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अंशुमान सिंह (राज्य में 09वॉ स्थान) एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आर्यन सिंह (राज्य में 10वॉ स्थान) को एक लाख का चेक, टैबलेट एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले अभिषेक सिंह, पांचवॉ स्थान प्राप्त करने वाले देवेन्द्र सिंह, 06वॉ स्थान प्राप्त करने वाले नितिन पाल, सातवॉ स्थान प्राप्त करने वाले गौरव कान्त मिश्रा, आठवॉ स्थान प्राप्त करने वाली हमशीर बानो, नवॉ स्थान प्राप्त करने वाले धर्मेन्द्र साहू एवं दसवॉ स्थान प्राप्त करने वाले सर्वेश कुमार को 21-21 हजार का चेक, टैबलेट एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान (राज्य में 10वॉ स्थान) प्राप्त करने वाले मो0 अफजल को एक लाख का चेक, टैबलेट एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया इसी प्रकार जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सौरभ सिंह, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हर्ष नारायण शर्मा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली जया मौर्या, पंचवॉ स्थान प्राप्त करने वाली पूजा देवी, छठवॉ स्थान प्राप्त करने वाले दीपक कुमार, सातवॉ स्थान प्राप्त करने वाले राशिद अली, आठवॉ स्थान प्राप्त करने वाली कु0 प्रियंका, नवॉ स्थान प्राप्त करने वाले दिलीप कुमार एवं दसवॉ स्थान प्राप्त करने वाले अतुल सिंह को 21-21 हजार का चेक, टैबलेट एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें

संपादकीय

# सोशल मीडिया आचार संहिता

डॉ अरविन्द मिश्रा

**यदि हम** सोशल मीडिया की बात करते हैं तो सबसे पहले और प्रमुखता के साथ फेसबुक और वाट्सऐप का नाम दिमाग में कौंधता है। फिर यूट्यूब जो पूरी तरह विजुअल मीडिया है। इन्स्टाग्राम आपको सेलिब्रिटी बनाने का चारा फेकता है तो ट्विटर का अलग आकर्षण है। फेसबुक ने अपने फीचर्स में ढ़ेर सारे बदलाव इन वर्षों में कर डाला है। विज्ञापनों की भरमार है। हर चार या पांच पोस्ट के बाद कोई न कोई विज्ञापन आ टपकता है। फिर तमाम समूह बने हैं जिनके सदस्यों से चैट करने के जटिल तौर तरीके हैं। फेसबुक के हर प्रोफाईल को प्रोफेशनल यानि व्यावसायिक बनाने के भी आफर हैं।

मगर सोशल मीडिया के साथ एक बड़ी मुश्किल यह हो गयी है कि बहुत सारी अनचाही, अयाचित और अवांछित सामग्री जिसमें आपकी कोई रुचि नहीं होती है और वह किसी भी दृष्टि से न तो आपके लिए और न ही समाज के लिये उपयोगी होती है आपसे साझा होती रहती है। चाहे वह फेसबुक की आपकी टाईमलाईन हो अथवा मेसेज बाक्स या फिर वाट्सअप का आपका पेज या इन्स्टाग्राम या ट्विटर के कुछ फीचर्स, अवांछित सामग्री का ढ़ेर इकट्ठा होता रहता है। वाट्सअप पर साझा की गयी सामग्री तो आपके फोन के संग्रह स्पेस को भी तेजी कम करती चलती है। मित्रता के चयन का अधिकार निसंदेह आपका है मगर मित्रगण बिना अगले की रुचि जाने समझे सामग्रियों का अग्रेषण बिना दिमाग लगाये यंत्रवत करते रहते हैं। और कुछ मित्र तो इस मामले में एकदम बेरहम होते हैं।वे दनादन दनादन नमस्ते पूर्व अग्रसारित, ज्यादातर निरर्थक सामग्रियों का अग्रसारण करते हैं। कुछ मेसेज बाक्स में मित्रता स्वीकार करते ही आ टपकते हैं और ऊलजलूल लिखना शुरू हो जाते हैं। कुछ तो निष्काम भाव से अल्लसुबह गुडमार्निंग नमस्कार के साथ ही पुष्प गुच्छों को भेजते हैं। माना कि यह वे मित्र के प्रति अपने स्नेह सम्मान के कारण ऐसा करते हैं मगर एक साथ कितने ही मित्रों का यह पुष्पयुक्त सम्मान सुबह सुबह ही एक बोझ बन जाता है। किसका देखें किसका छोड़े। किसका बिना देखे ही डिलीट मार दें।

मित्रो से बहुत विनम्रता पूर्वक निवेदन भी करने का कोई सार्थक परिणाम नहीं निकलता कि भाई कभी कभार एकाध पुष्प भले ही अर्पित कर दिया करें ये रोज रोज का बुके मत भेजा करें, नागवार लगता है। इस पर कई मित्र बुरा मान जाते हैं संवाद तक तोड़ देते हैं। कुछ और मित्र जिनमें जन्मना बटुक बन्धुओं की भरमार होती है हिन्दुत्व की ललकार वाले वीडियो जोरशोर से पोस्ट करते हैं कभी कभार ही उनमें कोई एकाध ही गंभीर और बुद्धिगम्य होते हैं।बाकी निरर्थक। कई सीनियर मित्रों को तो संकोचवश मना भी नहीं कर पाते।

मेरी ही नहीं, आपकी भी रोजगार और घर परिवार की ढ़ेर सारी व्यस्तताएं होती होंगी मगर मित्रगण को इसकी कहां परवाह, न जाने कहां से उन्हें इतनी फुरसत मिल जाती है कि वे अपने स्नेहिल सम्मान (नृशंसता) से आपको नवाजे बिना नहीं रहते। उनका यह प्रेम इतनी बढ़ जाता है कि वे आपका ध्यान बार बार किसी धीर गंभीर काम से विकर्षित कर देते हैं। कितना और भी कुछ डिजिटल मीडिया पर उपयोगी रहता है जिसे पढ़ना गुनना ज्यादा जरुरी है जिसके लिये समय कम पड़ जाता है। और उन्हें तो जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ता।

इसलिये सोशल मीडिया की एक आचार संहिता जरुर होनी चाहिए जिसका अनुपालन हम सभी को समर्पित भाव और समझ के साथ करना चाहिए। जैसे कुछ सुझाव निम्नवत हैं।

1-बिना खुद किसी सामग्री को ठीक से पढ़े और उसकी व्यक्ति या समूह के लिये उपयोगिता को परखे कदापि साझा /अग्रसारित न करें।

2-रोज रोज बुके या धार्मिक सामग्री भजन या हिन्दू जागरण के पोस्टरादि साझा न करें । हो सकता है कि प्रेष्य का झुकाव और अभिरुचि आप सरीखी न हो।

3-यदि आप वाकई किसी के घनिष्ठ मित्र हैं तो उसकी अभिरुचियों से जरूर अवगत होंगे, फिर तो उसकी गहरी अभिरुचि और आवश्यकता का आकलन करके ही सामग्री साझा किया करें, तभी वह सार्थक भी होगी और संवाद स्थापित करेगी। कुछेक मित्र समाचार पत्रों में छपे अपने मुद्रित लेख को जरुर साझा करेंगे। अब भला बासी सामग्री सोशल मीडिया पर साझा करने की क्या जरुरत है। अपने वाल पर भले कर लीजिये। मित्र के संदेश बाक्स तक क्यों ले जाते हैं? सोचते हैं शाबाशी मिलेगी? वाहवाही होगी? जबकि ठीक इसके विपरीत मित्र की प्रतिक्रिया होती है कि ये नामुराद फिर आ टपका।

4-किसी ने आपकी मित्रता रिक्वेस्ट का सम्मान यदि कर दिया है तो उसके मेसेज बाक्स में गदर मचाना मत शुरू कर दीजिये। फेसबुक पर ऐसे धूमकेतु और उल्कापिंड सरीखे मित्र ब्लाक भी उतनी ही तीव्रता से होते हैं।

5-सोशल मीडिया का शुरूआती उद्येश्य भले ही स्वजनों या स्वधर्मियों के बीच संवाद समन्वय, हालचाल और हलो हाय के लिए था मगर अब उसके अनेक आयाम हो चुके हैं जिन्हें आप द्वारा अपनाया और उपयोग में लाया जाना चाहिए ।

6-मात्र अपने किसी डिजिटल प्रोडक्ट या दवाओं और सामग्रियों की बिक्री के लिये मित्रों का शोषण न करें। विज्ञापन के लिये सोशल साईट्स के अलग प्रावधान हैं। उनका सहारा लें।

7-इधर फेसबुक के यूजर प्रोफाइल के क्लोन कर धोखाधड़ी की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। ऐसे में कृपया अपनी एक प्रोफाईल होते हुये दूसरी तीसरी बनाकर भ्रम न उत्पन्न करें। या यदि यह किन्ही कारणों से जरुरी हो तो पूर्व संदेश देकर करें।

8-जब तक कोई जीवन मृत्यु का प्रश्न न हो तो कृपया अपने असली चेहरे व शख्सियत के साथ ही फेसबुक पर रहें। फेसबुक की नीति भी

# मुफ्त की रेवड़ी ही जीत का फॉर्मूला रह गया

अशोक



**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव के समय प्रचार के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तब अपने सोशल मीडिया पेज पर फ्री बिजली, फ्री राशन, चुनिए कांग्रेस का शासन का टैग लाइन पोस्ट किया था। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने यह फ्री का पासा फेंका था। कर्नाटक में जीत से उत्साहित कांग्रेस टिकट देने से लेकर जनता को फ्री-बी योजनाओं की गारंटी देने तक उसी फार्मूले को राजस्थान , मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की तैयारी में है। हाल ही में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मध्य प्रदेश में पार्टी का चुनाव अभियान शुरू करते हुए कर्नाटक की तरह ही फ्री बिजली, सस्ते गैस सिलिंडर के साथ ही ओल्ड पेंशन स्कीम का वादा भी दोहरा दिया। राजस्थान में पहले ही गहलोत सरकार महंगाई राहत कैंप के जरिए इसकी शुरूआत कर चुकी है। मध्य प्रदेश में पार्टी का चुनाव अभियान शुरू करते हुए सबसे पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कर्नाटक की तरह ही फ्री बिजली, सस्ते गैस सिलिंडर के साथ ही ओल्ड पेंशन स्कीम का वादा भी दोहरा दिया। राजस्थान में पहले ही गहलोत सरकार महंगाई राहत कैंप के जरिए इसकी शुरूआत कर चुकी है। माना जा रहा है कि ये राजनीतिक दलों की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद तकरीबन एक नया वोट बैंक कायम कर दिया जिसको हम लाभार्थी कहते हैं। ऐसे लोग जिनको सरकारी स्कीमों का व्यापक रूप से लाभ हो रहा है और उससे भाजपा को कई राज्यों में और 2019 के लोकसभा चुनाव में मदद मिली। कांग्रेस को पहले समझ में नहीं आ रहा था कि भाजपा की काट कैसे करें क्योंकि एक व्यक्ति विशेष के इर्द-गिर्द सारी राजनीति घूम रही थी। साथ ही धर्म और आस्था के मामलों में भी भाजपा की बढ़त थी। राष्ट्रवाद के मुद्दे पर भाजपा बहुत आगे थी। विदेश नीति और अर्थव्यवस्था के बारे में भी मोदी के बढ़-चढ़कर के दावे थे। धीरे-धीरे कांग्रेस को समझ में आ गया है कि उसको कैसे हराया जा सकता है या कैसे उसे टक्कर दी जा सकती है। उसी संदर्भ में कांग्रेस ने सबसे पहले ये काम किया है कि ओल्ड पेंशन स्कीम का वादा किया है। आप जानते हैं कि सरकार कर्मचारियों को वर्ष 2003 में एक बदलाव आया था। और वह बदलाव दिलचस्प रूप से यूपीए के समय में ही आया था। चिदंबरम वित्त मंत्री थे और उन्होंने इस तरह का बदलाव किया था लेकिन उन्होंने साथ-साथ कांग्रेस की यह डिमांड थी कि सरकार के ऊपर खर्चा कम किया जाए, उसी पर कांग्रेस पलट गई है और अब कांग्रेस कहती है कि पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए। इसी तरह से बिजली का वादा, कर्ज माफी जो पांच गारंटी है, और गैस सिलिंडर का मामला भी राजनीतिक रूप से संवेदनशील हो गया है क्योंकि मोदी सरकार ने उज्ज्वला स्कीम के तहत सिलिंडर तो दिया लेकिन वह सिलिंडर 1000 रुपये, 1100 रुपये का हो गया है। इसको लेकर कांग्रेस कॉम्पिटिटीव पॉपुलिज्म में आ गई है। बढ़-चढ़कर दावे करती है और जनता को कहीं न कहीं लगने लगा है कि अगर तमिलनाडु में लोगों को फायदा हो सकता है, आंध्र में फायदा हो सकता है, तो ऐसे राज्यों में जहां इस तरह की लाभार्थी योजनाओं का बहुत ज्यादा अमल नहीं रहा, वहां इसका इच्छे ढंग से प्रयोग किया जा रहा है। जहां-जहां कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मजबूत है, जैसे हिमाचल में था, कर्नाटक में था, जहां उनके पास संगठन मजबूत था, मुद्दे थे और जहां एंटी इंकंबेंसी खासकर भाजपा का शासन जैसे कर्नाटक और मध्य प्रदेश में इस मामले में समानता है तो वहां पर उस सरकार को घेरने में आसानी से तैयार हो गई है। उसके साथ जुड़ा हुआ अर्थव्यवस्था का प्रश्न है। वो एक व्यापक प्रश्न है। उसके बारे में राजनीतिक दल ज्यादा सजग नजर नहीं आते है। माना जा रहा है कि किसी भी राज्य में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार हो, कार्यकाल के अंतिम वर्ष में वो इस तरह की योजनाओं की झड़ी लगाती है और बहुत सारी बातें कहती है। उसका अमूमन उतना फायदा नहीं होता। प्रश्न ये उठता है, जैसे मध्य प्रदेश के संदर्भ में शिवराज सिंह चौहान 16-17 साल से राज्य के मुख्यमंत्री हैं। इस कार्यकाल में भी वो मार्च 2020 से मुख्यमंत्री थे। प्रश्न ये उठता है कि उन्होंने उस समय ये क्यों नहीं किया। और इस समय क्यों महिलाओं को ऐसे लाभ नहीं मिल रहे थे। दूसरी बात ये है कि जो नौकरशाही है, उसमें क्या किया कि बहुत सारे लोगों को उससे वंचित कर दिया, जिन लोगों को पहले विधवा पेंशन या दूसरी कोई पेंशन मिल रही है महिलाओं को, तो एक पेंशन मिल रही है। अब लोगों को उसमें थोड़ा खट्टापन महसूस हो रहा है। उन्हें लगता है कि वो अगर उन्हें 500 रुपये मिल रहे हैं तो 1000 रुपये से वंचित हो जाएंगे। 1000 रुपये लेंगे तो 500 रुपये से वंचित हो जाएंगे। विपक्ष का जो नारा होता है, वो बड़ा सधा हुआ होता है। और उसमें उन्हें लगता है कि ये पूरा हमें मिलेगा और उसमें हमारे साथ कोई ज्यादती नहीं होगी और पांच साल मिलेगा। तो इस चीज को लेकर विपक्ष को हमेशा फायदा नजर आता है। ये दूसरे राज्यों में हुआ और मध्य प्रदेश उसका कोई अपवाद नहीं है। कांग्रेस की सरकार राजस्थान में है और यही नुकसान हो रहा है। जो राहत स्कीम वगैरह की बात जो अशोक गहलोत कह रहे हैं लेकिन उससे भी उतना ज्यादा फायदा जमीन पर नहीं हो रहा है। क्योंकि यही प्रश्न उठाया जाता है कि पिछले साढ़े चार साल में अशोक गहलोत क्या कर रहे थे। और व्यवस्था में ऐसी सुविधाएं क्यों नहीं मिलीं। जो सारी की सारी चीजें रूटीन में मिलनी चाहिए। ये जो ओल्ड पेंशन स्कीम का मामला है, वो तो कांग्रेस का अपना एक यूएसपी है, उनका अपना हथियार है।

केंद्र में भाजपा की सरकार है, और मोदी सरकार इस चीज के लिए बिलकुल तैयार नहीं है कि वो ओल्ड पेंशन स्कीम को वापस लाए। अगर वो ओल्ड पेंशन स्कीम को वापस लाती है तो पूरी तरह अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। कांग्रेस के लिए यह सब कहना आसान है। हर राज्य की अर्थव्यवस्था बहुत बुरी स्थिति में है। खासतौर से जीएसटी और कई बड़ी वजहें भी हैं इसके लिए। मध्य प्रदेश के बारे कहा जा सकता है कि उसके हर नागरिक के ऊपर इस समय 38 हजार रुपये का कर्ज है। मध्य प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से दिवालिया होने के बावजूद वो 1000 रुपये हर महीने देने की घोषणा कर सकती है तो कमलनाथ को लगता है कि वो क्यों नहीं 1500 रुपये दे सकते हैं। वोटर बड़ा समझदार होता है। इस तरह की जो प्रतिस्पर्धा होती है, तो वो देखता है कि उसको फायदा कितना हो रहा है और दूसरा, क्या वो राजनीतिक दल सत्ता में आ रहा है। अगर एंटी इंकंबेंसी फैक्टर होता है, राज्य के नेतृत्व की बात की। अगर ये ठीकठाक हो, तो सत्ता परिवर्तन बड़ी आसानी से हो जाता है। मध्य प्रदेश में भी पिछली बार 2018 में सत्ता परिवर्तन हुआ था। राजस्थान में हुआ और वो पांच साल रहे। इन सब राज्यों में लगता है कि सत्ता परिवर्तन की सुगबुगाहट है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चुनाव जीतने के फामूर्ले को अजमाने की आगे और बाढ़ आ सकती है। यह देश की आर्थिक स्थिति के लिए शुभ संकेत नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक पूर्व में भी कई राज्यों को अनावश्यक खर्चों के लिए चेता चुका है। ऐसे में क्या यह नहीं सोचा जाना चाहिए कि चुनावी घोषणापत्रों को व्यावहारिक बनाने की दिशा में मंथन शुरू किया जाए। चूंकि रेवड़ियां बांटने में कोई भी दल किसी से पीछे नहीं है तो इसमें कोई सर्वमान्य हल आसानी से निकलता हुआ नहीं दिखता। इस मामले में चुनाव आयोग भी दलों के लिए कोई बाध्यकारी प्रविधान नहीं बना सकता। वहीं उच्चतम न्यायालय ने भी 2013 में कह दिया कि वह इसमें कोई व्यवस्था नहीं बना सकता और उसने गेंद राजनीतिक दलों के पाले में डाल दी, लेकिन दलों के स्तर पर इस विषय में कोई गंभीरता नहीं दिखती। कांग्रेस द्वारा पुरानी पेंशन योजना के जिन्न को बोतल से बाहर निकालना इसका एक बड़ा उदाहरण है, जिसकी आलोचना कांग्रेस की ओर झुकाव रखने वाले बुद्धिजीवी भी कर चुके हैं।

# मार्क्सवादी बनाम पत्रकार! केरल में खुली टक्कर!!

के. विक्रम राव



माकपा छात्रनेता–द्वय कु. विद्या और अर्शो.

प्रताड़ित न्यूज चैनल.



केरल माकपा सचिव एमवी गोविंदन.

**केरल की** मार्क्सवादी पार्टी और कम्युनिस्ट सरकार ने प्रदेश की मीडिया के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया है। प्रमुख मलयालम टीवी समाचार चैनल ह्लएशिया नैटह्व की चीफ रिपोर्टर सुश्री अखिला नंदकुमार ने एक खबर चलाई थी कि एक वरिष्ठ माकपा छात्र नेता ने फर्जी प्रमाण पत्र देकर व्यक्तिगत लाभ उठाया है। वह व्यक्ति परीक्षा में शामिल ही नहीं हुआ था। पर उतीर्ण घोषित कर दिया गया। पत्रकारों का आरोप था कि माकपा-नीत वाम मोर्चा सरकार जबरन मीडिया की आवाज घोटने की साजिश रच रही है। केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (ङवहख) के अध्यक्ष कु. एमवी विनीता (त्रिशूर में दैनिक "वीक्षणम" की रिपोर्टर) और महासचिव आर. किरण बाबू ने भर्त्सना की कि पत्रकार आखिला पर हमला कर पिनरायी विजयन की माकपा सरकार मुक्त मीडिया की आवाज को दबाने में जुटी है। इसी विषय पर दिल्ली में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और उत्तराखंड के प्रतिष्ठित पत्रकार उमाकांत लखेड़ा ने आज (14 जून 2023) एक बयान में कहा कि इस महिला पत्रकार पर केरल राज्य पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दी है। उसमें आरोप है कि इस वरिष्ठ स्त्री संवाददाता ने केरल के एक प्रमुख मार्क्सवादी छात्र नेता और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेता की मानहानि की है। इस माकपा नेता का नाम पीएम आर्शो है। ङवहख का आरोप है कि माकपा मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन (जो अभी अमेरिका की यात्रा पर हैं) के मीडिया सचिव पीएम मनोज और राजनीतिक सचिव पी. शशी ने राज्य पुलिस को इस महिला पत्रकार के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही हेतु बाध्य किया है। केरल के शीर्ष मीडिया साउथ फर्स्ट के संपादक ने एशिया नेट के कार्यकारी संपादक सिधू सूर्यकुमार के हवाले से बताया कि उनकी मुख्य संवाददाता आखिला के खिलाफ थोपे गए इल्जामों की जांच अभी तक पुलिस ने शुरू नहीं की। इसी विषय पर सोनिया-कांग्रेस के केरलवाले राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व राज्य गृहमंत्री रमेश चेन्निथाला तथा सांसद बेन्नी बेहनानन ने भी माकपा शासन की तीव्र आलोचना की है।

पत्रकार आखिला पर प्राथमिकी में आरोप लगे हैं : धारा 120-बी (षडयंत्र), 465 फजीर्वाड़ा, 469 और 500 (मानहानि और जालसाजी) आदि। माकपा छात्र नेता की शिकायत पर ही आखिला और पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। छवि धूमिल करने के लिए। पुलिस ने विपक्षी कांग्रेस की छात्र शाखा केरल छात्र संघ (केएसयू) के प्रदेश अध्यक्ष और एक अन्य छात्र के खिलाफ साजिश रचने और मानहानि के आरोप में पीएम अर्शो की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। अर्शो सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा एसएफआई के राज्य सचिव हैं।

केरल में पुराने तीव्र प्रतिद्वंदी माकपा-नीत वाम मोर्चा और सोनिया-कांग्रेस नीत संयुक्त मोर्चा में तकरार की अर्धशती हो गई है। इस विषमता में गहराई आ गई थी। जब राहुल गांधी (अमेठी के साथ) केरल के वायनाड क्षेत्र से भी लोकसभा का निर्वाचन 2019 में लड़े थे। उन्होंने यहां की पारंपरिक वाम मोर्चा की सीट से माकपा के पीपी सुनीर को हराया था। हालांकि गुजरात में मानहानि के आरोप में राहुल की यहां की सांसदी अब निरस्त कर दी गई है।

आज माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन जिनके बयान पर पत्रकार आखिला पर मुकदमा कायम हुआ ने अपना पैंतरा पलटते हुए कहा कि वे सदा से मीडिया की आजादी के पक्षधर रहें हैं। गोविंदन ने अपने बचाव में कहा : "मीडिया ने मेरे बयानों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया। मैंने कभी नहीं कहा कि सरकार की आलोचना नहीं की जानी चाहिए। मीडिया कभी-कभी कुछ टिप्पणियों को समाचार के रूप में चित्रित करता है, विवादों को जन्म देता है। अर्थ को गलत तरीके से प्रस्तुत करता है।"

इस विवाद के साथ ही एक अन्य घटना भी हुई। माकपा की स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया की शीर्ष नेता कुमारी के. विद्या ने भी केरल हाई कोर्ट में आज (14 जून 2023) अग्रिम जमानत की याचिका लगाई है। उन पर कासरगोड के करियांथम कॉलेज में अपनी कार्य अनुभववाला फर्जी प्रमाणपत्र जमा करने का आरोप है। पुलिस की छापामारी के कारण विद्या फरार हो गई है। विद्या का दावा है कि पल्लक्काड़ के राजीव गांधी कालेज में उन्होंने अध्यापन कार्य किया। पुलिस के अनुसार यह साबित नहीं हो पाया। कालीकट विश्वविद्यालय के मलयालम विभाग के पूर्व अध्यक्ष और विख्यात साहित्यकार प्रो. एमएन कारासेरी ने आक्रोश व्यक्त किया : "माकपा सरकार राजमद में अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है।" इस बीच माकपा ने विद्या से पार्टी का समस्त नाता तोड़ दिया है। केरल की कम्युनिस्ट सरकार के उद्योग मंत्री पी. राजीव ने बचाव मे कहा कि किसी एक व्यक्ति के अपराध पर सारी माकपा को बदनाम नहीं करना चाहिए। फिलहाल मीडिया बनाम मुकाबला केरल में व्यापक हो रहा है।

# जैक डोर्सी के आरोप से सियासी भूचाल

**भारत** में मोदी सरकार पर ये आरोप कई बार लग चुके हैं कि अपनी छवि बचाने के लिए अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार को कुचला जाता है। मीडिया की स्वतंत्रता को बाधित किया जाता है। पत्रकारों को डरा-धमका कर सही खबर दिखाने से रोका जाता है और जो फिर भी सच दिखाने या लिखने का साहस करते हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। देश में उठते ऐसे आरोपों को भाजपा क्षुद्र राजनीतिक स्टंट करार देती है और अगर विदेश से ऐसे आरोप लगें तो इसमें कांग्रेस की साजिश तलाशी जाने लगती है। अब एक बार फिर वैसा ही उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर के संस्थापक और पूर्व सीईओ जैक डोर्सी ने एक साक्षात्कार में दावा किया है कि भारत में किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने उन्हें ट्विटर को बंद कर देने की धमकी दी थी। जैक डोर्सी ने ये दावा सोमवार को यू ट्यूब चैनल ब्रेकिंग पॉइंट के साथ साक्षात्कार में किया है। इस साक्षात्कार में जैक डोर्सी से पूछा गया था कि, दुनियाभर के ताकतवर लोग आपके पास आते हैं और कई तरह की मांगें करते हैं। आप नैतिक सिद्धांतों वाले व्यक्ति हैं। इन हालात से आप कैसे निकलते हैं? गौर करने की बात ये है कि इस सवाल में किसी देश या भारत का नाम भी नहीं लिया गया, बस ताकतवर लोगों की उन मांगों के बारे में पूछा गया, जो बेजा हो सकती हैं। जवाब में जैक डोर्सी ने कहा कि मिसाल के तौर पर भारत एक ऐसा देश है, जहां से किसान आंदोलन के दौरान हमारे पास बहुत सी मांगें आ रहीं थीं। कुछ खास पत्रकार सरकार के आलोचक थे, उनके बारे में। एक तरह से हमसे कहा गया कि हम भारत में ट्विटर को बंद कर देंगे। आपके कर्मचारियों के घरों पर छापे मार देंगे, जो उन्होंने किया। डोर्सी ने ये भी कहा कि ये भारत में हो रहा था, जो लोकतांत्रिक देश है। चुनावी मौसम में जैक डोर्सी के जवाब और सरकार पर सीधे-सीधे उंगली उठाने से सियासी भूचाल आना तय था और ऐसा ही हुआ। आरोपों को खारिज करते हुए केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक एवं तकनीक राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि ये ट्विटर के इतिहास के एक संदिग्ध दौर को साफ करने का प्रयास है। खास बात ये है कि ये सफाई उन्होंने ट्विटर पर ही जारी की है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि जैक डोर्सी के नेतृत्व में ट्विटर और उनकी टीम लगातार भारतीय नियमों का उल्लंघन कर रही थी। तथ्य ये है कि साल 2020 से 2022 के बीच उन्होंने लगातार भारत के कानूनों का पालन नहीं किया। ट्विटर ने अंततः जून 2022 में कानूनों का पालन किया। उन्होंने ये भी कहा कि ना ही कोई जेल गया था और ना ही ट्विटर बंद हुआ था। भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और उसे ये सुनिश्चित करने का अधिकार है कि भारत में काम कर रही सभी कंपनियां भारतीय कानूनों का पालन करें। गौरतलब है कि जैक डोर्सी ने किसान आंदोलन के दौरान ही सरकार से दबाव का जिक्र किया। साल भर से अधिक समय तक दिल्ली की सीमाओं पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन करते रहे, धरने पर बैठे रहे। देश-विदेश का ध्यान इस आंदोलन ने खींचा। भाजपा की ओर से कई बार किसानों को गलत बताया गया, कई लोगों ने किसानों पर खालिस्तानी और देशद्रोही होने का इल्जाम लगाया। 26 जनवरी 2021 को किसान संगठनों ने ट्रैक्टर परेड का आयोजन किया था, जिस दौरान राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में हिंसक वारदात देखने को मिलीं। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा लाल किले पर हुई हिंसा की हो रही थी, जिसके बाद सरकार ने ट्विटर को लगभग 1100 अकाउंट को ब्लॉक करने का निर्देश दिया था। सरकार का दावा था कि इनमें से ज्यादातर अकाउंट खालिस्तान समर्थकों के हैं या फिर कुछ ऐसे लोगों के भी हैं जो कई महीनों से चल रहे किसान आंदोलन या फिर 26 जनवरी को हुई हिंसा को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं और गलत खबरें और सूचनाएं प्रसारित कर रहे थे। सरकार के निर्देश के बाद ट्विटर ने कुछ एकाउंट ब्लॉक तो कर दिए, मगर उसने बाद में इनमें से कई एकाउंट्स को फिर से बहाल कर दिया। तब ट्विटर की ओर से बयान जारी कर कहा गया था कि उसने कुछ पत्रकार, सामाजिक कार्यकताओं और राजनेताओं के अकाउंट्स पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

# बिपरजॉय चक्रवात बनाम मूक पशु पक्षी जानवरों की सुरक्षा

किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियां की नजरें वर्तमान में भारत के कुछ राज्यों में 15 जून 2023 को प्रवेश करने वाले भयंकर चक्रवात तूफान बिपरजॉय की ओर लगी हुई है जिनके कराची में मुड़ जाने की संभावनाओं के बीच इसका रुख मौसम विभाग ने सौराष्ट्र सूरत सहित गुजरात महाराष्ट्र गोवा के कुछ तटीय शहरों में आने का अंदेशा जताया है जिसकी तीव्रता 150 केएमपीएच हो सकती है जिसका रौद्र रूप धारण करने को देखते हुए माननीय पीएम द्वारा 12 जून 2023 को एक उच्च स्तरीय बैठक कर जानकारी ली गई तो 13 जून 2023 को गृह मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा भी मौके की नजाकत को देखते हुए उच्च स्तरीय बैठक कर दिशानिर्देश जारी किए। इस भयंकर तूफान की तीव्र गति से तैयारियां शुरू की गई है और तटीय इलाकों से करीब 28 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। मेरा मानना है कि यह अति सुशासन की निशानी है परंतु इस बिपरजॉय जैसे अनेकों चक्रवात और प्राकृतिक आपदाएं भारत ने देखी है, परंतु मुझे इनके खतरोंसे मूक पशुपक्षियों जानवरों के लिए व्यवस्था रणनीति या योजना का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है, जो किया जाना जरूरी है। अभी हमने टीवी चैनलों पर सुने 28 हजार लोगों कोसुरक्षित निकाल लिया गया है परंतु पशु पक्षियों जानवरों के बारे में जानकारी नहीं आई। मेरा मानना है कि बौद्धिक क्षमता का धनी मानवीय जीव मौके की नजाकत को पहले से ही भांपते हुए प्राकृतिक आपदा स्थल से दूर जाने की सोचने में सक्षम है परंतु बेचारे अबोध पशुधन जानवरों को स्थिति का चूंचौपट भी नहीं होता वे तो केवल मानवीय पक्ष पर ही निर्भर रहते हैं इसलिए केंद्र व राज्य स्तरपर सरकारों के इस संबंध में नीतियां योजनाओं को मजबूत करने की जरूरत है। चूंकि अभी 15 जून 2023 को बिपरजॉय से बचने जोरों से तैयारियां शुरू है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्राकृतिक आपदाओं में मूक पशुओं पक्षियों जानवरों की सुरक्षा, चिकित्सा शिक्षा पर नीतियां, योजनाएं बनाना जरूरी हैं।

साथियों बात अगर हम प्राकृतिक आपदाओं में पशु पक्षी जानवरों की करें तो,मानव पीड़ितों की तुलना में पशुहताहत लगभग हमेशा अधिक होते हैं।

# आस्था के केन्द्र तालाब के भीठे पर बने लोगों के घर

## तालाब को अमृत सरोवर योजना से विकसित करने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के रसिन गांव के प्रधान दरबारीलाल पटेल समेत मेला व दंगल समिति के अध्यक्ष रविदत्त शुक्ल व कोषाध्यक्ष रामबाबू त्रिपाठी तथा गांव के सदस्य रोहित त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी ने जिलाधिकारी से भेंटकर रसिन गांव में लोगों की आस्था के केन्द्र लालूपुर हनुमान मन्दिर परिसर के तालाब के भीठे को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है। तालाब को अमृत सरोवर योजना के तहत विकसित करने की गुहार लगाई है, ताकि तालाब के भीठे अतिक्रमण से मुक्त हो सकें।

बुधवार को कर्वी ब्लाक के रसिन गांव के प्रधान दरबारीलाल पटेल समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से भेंटकर कहा है कि रसिन गांव में लालूपुर हनुमान मन्दिर ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र बिन्दु है। प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को 1997 से प्रतिवर्ष 14 से 18 जनवरी तक चार दिवसीय दंगल व मेला लगता है। देश-विदेश से नामी-गिरामी पहलवान मल्ल युद्ध दिखाते हैं। राजस्व अभिलेख में तालाब का भीठा का क्षेत्रफल 18 बीघे का है। इस तालाब पर पूर्व प्रधानों की साजिश से कुछ लोगों ने अवैध ढंग से कब्जा कर लिया है। पचास फीसदी भीठे में लोगों ने स्थायी आवास बना लिए हैं, उच्चतम न्यायालय की अवहेलना कर तालाब में कब्जा कर लिया है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग किया कि तालाब की पैमाइश करवाकर तालाब व भीठा से अवैध कब्जे हटवाये जायें। प्रधानमंत्री के घोषित 75वें अमृत महोत्सव के तहत अमृत सरोवर योजना में तालाब को लेकर मानकों के अनुरुप घाट, इंटरलाकिंग, फव्वारा, वृक्षारोपण व राष्ट्रीय ध्वज फहराने को प्लेटफार्म बनवाया जाये।

## अमल में लायें जल्द पिछली कार्यवाही: डीएम, प्राधिकरण की बैठक में दिये निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बाबत बैठक में 2023-24 में अर्जित आय, लंबित आवासीय/शमन भवन मानचित्र व देवांगना टाउनशिप की बाबत चर्चा की।

बुधवार को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में प्राधिकरण की बैठक में जिले के नगरीय क्षेत्रों के सभी लोगों से अपील की है कि अपने भवनों का निर्माण सरकार की गाइडलाइन अनुसार मानचित्र के आधार पर कराएं। मानचित्र के आधार पर निर्माण कराने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पिछली कार्यवाही तत्काल अमल में लाई जाये।

बैठक में एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार कर्वी रामानन्द मिश्रा समेत चित्रकूट क्षेत्र विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जल्द शुरू करें चित्रकूट डिपो: अजीत, सूबे के मंत्री से भेंटकर सौंपा समस्याओं का पुलिंदा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने सूबे के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से लखनऊ में भेंटकर जनसमस्याओं बाबत पत्र सौंपा। कहा कि चित्रकूट में डिपो शुरू करने, फ्री जोन का लाभ दिलाने, मुक्तिधामो में घाट बनवाने समेत अन्य मांगे की गई। कैबिनेट मंत्री ने समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया है।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि जिले में बसअड्डा तो नया बनकर तैयार है, लेकिन डिपो न बनने से इसकी उपयोगिता शून्य है। कैबिनेट मंत्री को सौंपे पत्र में मांग किया कि जल्द डिपो का निर्माण कराया जाये, ताकि चित्रकूट डिपो की बसों से प्रदेशभर के तीर्थयात्री यहां आवागमन करें। इसी तरह फ्री जोन की घोषणा के बावजूद धर्मनगरी पहले की तरह यूपी -एमपी में बंटी है। दोनो प्रदेशों के वाहन सीमाओं को नहीं लांघते, जबकि फ्री जोन लागू होने से तीर्थयात्रियों, ग्रामोदय के छात्रों, जानकीकुण्ड चिकित्सालय के मरीजों आदि समेत लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। पत्र में मांग की गई कि कर्वी पुल के पास स्थित और कच्चीछावनी में बने मुक्तिधामों के पास मन्दाकिनी नदी में घाट का निर्माण कराया जाये। बांकेसिद्ध का पर्यटन विकास कराने, आश्रम की अधूरी सड़क का डामरीकरण करवाने की भी मांग की गई। चित्रकूट महोत्सव कराए जाने और दीपावली मेले का डीडी न्यूज में लाइव कवरेज कराने का भी अनुरोध किया गया। मन्दाकिनी नदी में सीधे गिर रहे नालों को रोंकने, कचरा फेंकने और मछली मारने वालों का चालान कराने और जेल भेजने की मांग की गई।

## मथुरा : विश्व रक्तदान दिवस पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

**मथुरा। रक्त दान** शिविर आज बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर तैयारी को लेकर कल दिनांक 14 जून 2023 को सुबह 9:30 भावना लाइब्रेरी बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड मथुरा दीक्षित इंश्योरेंस पर बैठक आयोजित की गई । एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया इस शिविर का शुभारंभ समिति के संरक्षक बलदेव विधानसभा के विधायक पूरन प्रकाश मौजूद रहेंगे। युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए मांट विधानसभा के विधायक राजेश चौधरी, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष कुं नरेंद्र सिंह, वार्ड नंबर 47 की पार्षद श्रीमती रेनू चौधरी, पूर्व पार्षद श्वेता शर्मा, रक्तदान शिविर में होंगे शामिल एक रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र के साथ टू व्हीलर चलाते समय उनकी सुरक्षा के लिए दिया जाएगा हेलमेट।

रक्तदान शिविर संयोजक गगन अग्रवाल ने कहा युवा करेंगे अपना रक्त देश के नाम।बैठक में नरेंद्र नरेंद्र दीक्षित राजकुमार सिंह,लोकेंद्र चौधरी, हेमंत अग्रवाल, मनोज कुमार आदि रहेशामिल रहे।

## पंजाब तस्करों द्वारा बिहार बंगाल को भेजी जा रही शराब की बड़ी खेप ट्रक सहित बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** पंजाब से तस्करों ने भेजी 45 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब की 401 पेटी की खेप को थाना शेरगढ़ पुलिस ने स्वाट के सहयोग से बरामद कर लिया। दो तस्कर भी गिरफ्तार कर लिए, जबकि दो तस्कर भागने में सफल रहे। रिजर्व पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता में एसपी ग्रामीण त्रिगुण बिसेन ने बताया कि पंजाब से अंग्रेजी शराब की 401 पेटी ट्रक भरकर तस्करों ने मथुरा के लिए भेजी। इसकी कीमत करीब 45 लाख रुपये है। थाना शेरगढ पुलिस ने स्वाट के सहयोग से गांव उझानी मोड के पास चैकिंग में पकड़ते हुए तस्कर कुलवीर सिंह पुत्र सूरत सिंह और मैनपाल को हिरासत में ले लिया है। सीओ छाता गौरव त्रिपाठी ने बताया, बरामद शराब हरियाणा मार्का की है पेटी सहित ट्रक को जब्त कर लिया गया है। बताया कि दोनों मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं और अपने साथी आमिल निवासी महल की जानसठ मुजफ्फरनगर और धर्मेन्द्र निवासी जाफरपुर नजफगढ़ दिल्ली के साथ मिलकर शराब की तस्करी करते थे। जो फरार है। ये शराब अमृतसर पंजाब से सस्ते दामों में खरीदकर सीलीगुडी पश्चिम बंगाल ले जाई जा रही थी। पुलिस टीम में अभय शर्मा प्रभारी स्वाट, सोनू कुमार थानाध्यक्ष शेरगढ़, एसआई मनोज कुमार भाटी, रोहित सिंधु के अलावा युवराज सिंह, दीपक, संजीव कुमार, संदीप, हरिजेन्द्र सिंह, योगेश कुमार, आशुतोष, और प्रीत कुमार आदि थाना प्रभारी शेरगढ़ सोनू कुमार शामिल रहे।

## उल्टा दांव ! अपने ही बुने जाल में फंस गए गांव के दबंग दलाल

**कछवांरोड। मि**जार्मुराद थाना क्षेत्र के कछवा रोड निवासी एवं एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार तथा विभिन्न समाचार पत्रों के एजेंसी संचालक आनन्द तिवारी को ठठरा गांव के ही कुछ दबंग दलालों द्वारा एक साजिश के तहत फर्जी मामले में फसाने का दांव चला गया था, लेकिन अब उन्हीं दबंग दलालों का दाव उल्टा पड़ गया है। इस मामले में पीड़ित आनंद तिवारी ने चार नामजद लोगों के खिलाफ सोशल प्लेटफार्म पर झूठी खबर चलाकर मान मर्दन करने के साथ गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में लिखित तहरीर मिजार्मुराद थाना प्रभारी को देकर कार्रवाई की मांग किया है।

# एसपी की अगुवाई में 129 वाहनों का चालान, वसूले एक लाख 63 हजार रुपये

## पैदल गश्त कर लोगों को दिया सुरक्षा का एहसास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अगुवाई में कर्वी शहर के ट्रैफिक चैराहे पर वाहन की जांच का अभियान चलाया गया। उनके निर्देश पर कर्वी शहर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की अगुवाई में कर्वी शहर के ट्रैफिक चैराहे पर वाहनों की जांच हुई।



वाहन जांच में दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट के ई-रिक्शा वाहनों की जांच की गई। अभियान में बिना हेलमेट के 120 वाहन चालकों को हेलमेट खरीदवा कर सख्त हिदायत देकर बिना चालान के छोड़ा गया। उन्हें जागरूक कर बिना हेलमेट के वाहन न चलाने को कहा। यह न सोंचे कि हेलमेट सिर्फ पुलिस से बचने को है, ये आपकी सुरक्षा को है। हमेशा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं। बिना नंबर प्लेट के 25 ई-रिक्शा वाहन सीज किये।

पुलिस अधीक्षक के आदेश से पूरे जिले में शाम छह बजे से सात बजे तक सघन वाहन जांच अभियान चला। अभियान में 208 संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। 353 वाहनों के कागज देखे गये। कमी मिलने पर 129 वाहनों से 163000 रुपये का ई-पेंडिंग चालान किया गया। 11 वाहन सीज किए गए।

वाहन जांच के बाद पुलिस ने कर्वी शहर में पैदल गश्त की। पैदल गश्त में आमजनता एवं व्यापारियों को सुरक्षा की भावना पैदा की गई। इस दौरान सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, कोतवाल कर्वी गुलाब त्रिपाठी, प्रभारी यातायात मनोज कुमार, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, यातायात दरोगा धर्मेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# पांच टापरों को सांसद ने दिये एक लाख रुपये के चेक

## आगे की पढाई कर रोशन करें जिले का नाम: सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे की मौजूदगी में माध्यमिक शिक्षा विभाग से हाईस्कूल- इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में प्रदेश में जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने लोक भवन कार्यालय लखनऊ में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण एलसीडी से दिखाया।



बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि लोक भवन लखनऊ से मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं यूपी की टॉपर सूची में अंक प्राने वालों को सम्मानित किया है। एक लाख रुपए का चेक व प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल, टैबलेट बांटे हैं। इसी क्रम में जिले के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के पांच छात्र-छात्राओं- दिव्यांशु शुक्ला, सत्यम चैरसिया, विनायक भास्करम, अंशिका सिंह एवं अनामिका सिंह के प्रदेश में स्थान पाने पर एक लाख रुपए का चेक, गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट बांटे गये हैं। जिला स्तर के 17 छात्र-छात्राओं ने भी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट मे टाप किया है, उन्हें भी 21 हजार रुपए का चेक, गोल्ड मेडल एवं टैबलेट, प्रशस्ति पत्र दिये गये हैं।

उन्होंने कहा कि चित्रकूट आकांक्षी जिला है, छात्र-छात्राओं ने नाम रोशन किया है। प्राथमिक स्तर की शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने जिलाधिकारी को सम्मानित किया है, उन्हें बधाई देते हुए पूरी टीम को बधाई दी। मेधावी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये धनराशि जो दी गई है, उससे आगे की पढ़ाई कर अच्छे पदों पर जाकर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं के गांव में उनके नाम से सड़कों का निर्माण कराने को कहा। 26 जुलाई को वह प्रतिवर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हैं। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप, सीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर समेत संबंधित अधिकारी, छात्र-छात्राएं, अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# रक्तदाताओं को डीएम-सीडीओ ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने संयुक्त जिला अस्पताल में फीता काटकर रक्तदाता दिवस का शुभारंभ किया।



बुधवार को जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसमें कोई कमजोरी नहीं आती है। लोगों से अपील किया कि लोग स्वेच्छा से अधिक से अधिक रक्तदान करें, ताकि जरूरतमंदों को समय से रक्त मिल सके। इस रक्त से किसी व्यक्ति की जान बचा सकेते हैं। रक्तदाता रक्तदान कर किसी गंभीर रोगी की खुशियां वापस ला सकते हैं। उन्होंने सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा को निर्देश दिए कि रक्त को ब्लड बैंक में एकत्र करें। इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। जरूरतमंदों को ही रक्त दिया जाये।

उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में कई महादानियों ने रक्तदान कर एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा, रक्त कोष प्रभारी, वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिक, काउंसलर जिला परामर्शदाता रक्तकोष समेत रक्तदाता मौजूद रहे।

# दलितों के जुल्म से तंग हैं ब्राम्हण परिवार

## आये दिन देते हैं झूंठे मामले में फंसाने की धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के रसिन गांव में तालाब के भीठे पर काबिज अनुसूचित जाति के लोग सवर्णों को झूंठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। रसिन गांव के जोगियापुरवा के अशोक त्रिपाठी पुत्र राजाभइया व गांव के सदस्य रोहित त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से भेंटकर धमकी देने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

बुधवार को रसिन गांव के जोगियापुरवा के अशोक त्रिपाठी पुत्र राजाभइया व रोहित त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से भेंटकर कहा कि अनुसूचित जाति के लोग हरिजन एक्ट व दुष्कर्म में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीडितों ने कहा कि जोगियापुरवा के मोहनलाल पुत्र घनश्याम चमार ने तालाब के भीठा की मिट्टी खोदकर घर बनाया है। दस जून को उनके खेत की ओर दरवाजा लगा दिया है। भरतकूप थाने में शिकायत पर एक दरोगा व सिपाही मौके पर देखकर चले गये हैं। मोहनलाल अपराधी प्रवृत्ति का है। 12 जून को रामलाल पुत्र बंसू से संदेश दिया है कि उसके खिलाफ कार्यवाही हुई तो वह अशोक व उमेश तथा भूपेन्द्र व दिवाकर तथा सुधाकर को दुष्कर्म व हरिजन एक्ट में फंसाकर जिन्दगी खराब कर देगा। पीडित अशोक त्रिपाठी ने बताया कि वह विद्यालय में विज्ञान अध्यापक है। बांदा में कार्यरत है। पुत्र सुधाकर पुलिस विभाग में पीएसी 12वीं बटालियन फतेहपुर में कार्यरत है।

पीडित ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि मोहनलाल ने दोनों पिता-पुत्रों को गम्भीर धाराओं में फंसाने की धमकी दी है। 2013 में भाइयों के बंटवारे के विवाद में अनुसूचित जाति के लोगों ने दुष्कर्म, हरिजन एक्ट व पाक्सो एक्ट में फंसा चुके हैं। जोगियापुरवा में सिर्फ एक घर ब्राम्हणों का है। शेष सभी पचास घर अनुसूचित जाति के हैं। इससे ये लोग आये दिन उन्हें तरह-तरह से परेशान करते हैं। पीडित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करवाकर कार्यवाही की मांग की है। पीडित ने चेताया है कि न्याय न मिलने पर वे अन्यत्र पलायन को बाध्य होंगे।

## तकनीकी सहायक की मनमानी पर कब लगेगी रोक

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में तैनात तकनीकी सहायक की मनमानी से प्रधानों व सचिवों पर दबाव बनाकर खुद ठेकेदारी कर रहा है। बुधवार को मानिकपुर ब्लाक के तकनीकी सहायक की पोल खुली। बताया गया कि ग्राम पंचायतों में खुद की फर्म के नाम पर सामग्री आपूर्ति कर रहा है। मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट कर रहा है। तकनीकी सहायक के तैनाती के गांवों में कराए विकास कार्यों की जांच करा ली जाये तो काला चिट्ठा खुल जायेगा। स्थानीय होने से प्रधानों व सचिवों पर दबाव बनाकर ठेकेदार के कार्य हथिया लेता है। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की जमकर लूट हो रही है। तकनीकी सहायक को किसने छूट दे रखी है। तकनीकी सहायक के रसूख के चलते जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हैं।

## दलालों के चक्कर में न फंसे मजदूर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि निर्माण मजदूरों के कल्याण को श्रम विभाग में मातृत्व शिशु, बालिका मदद योजना, पुत्री विवाह अनुदान योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना जैसी योजनायें चल रही हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी को जिले में कार्य करने को सप्ताह में तीन दिन निर्धारित होने से योजनाओं की जांच में विलम्ब होता है।

बुधवार को उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि श्रम विभाग से संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने को गरीब श्रमिकों से बाहरी लोग विभाग से काम कराने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। इस तरह गरीब मजदूरों से धन वसूली अवैध है। श्रमिकों से कहा कि वह किसी दलाल के चक्कर में न फंसे। ऑनलाइन आवेदनों पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी की जांच आख्या अनुसार ही मंजूरी या नामंजूरी की कार्यवाही होती है। श्रमिक किसी भी व्यक्ति से योजना मंजूर कराने के नाम पर धनराशि का लेन-देन न करें, सब कुछ निःशुल्क है।

जनहित में मजदूरों से अपील किया कि विभाग के नाम पर कोई बाहरी व्यक्ति श्रमिकों को प्रताड़ित करता है तो श्रमिक सीधे जिला पंचायत भवन में स्थित श्रम कार्यालय आकर अपनी समस्या बता सकते हैं। बाहरी व्यक्ति को माध्यम न बनायें।

## पंचायतीराज विभाग के टेंडर में कर्मचारी व रिश्तेदार नहीं होंगे शामिल, शासन के पत्र की हो रही अनदेखी

**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** ग्राम पंचायतों में सामग्री आपूर्ति को टेंडर को लेकर शासन ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए नियम के अनुसार अब ग्राम पंचायत में वही व्यक्ति टेंडर के लिए आवेदन कर सकता है, जो जिला पंचायत विभाग से जुड़े कर्मी के रिश्तेदार न हो।

बुधवार को अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जारी निर्देश में कहा है कि ग्राम पंचायतों में व्यवस्था को पारदर्शी बनाने को जिला पंचायत राज अधिकारी अपने पीएफएमएस पर वेंडर के रूप में रजिस्टर्ड फर्म की पृष्ठभूमि की जांच के बाद ही किसी को टेंडर आवंटित करें। जिले में वर्तमान में टेंडर आवंटन की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। शासन के निर्देश का कहीं भी सख्ती से पालन नहीं हो रहा। पंचायत राज विभाग से जुड़े कर्मी जिनमें जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के कर्मी, डीपीआरओ, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, पंचायती राज विभाग के कर्मी के साथ विभाग के संविदाकर्मी के रिश्तेदार टेंडर कार्य को आवेदन नहीं कर सकते हैं, सरकारी निदेशों की अनदेखी कर जनप्रतिनिधियों के सगे संबंधियों के नाम टेंडर जारी किए जा रहे हैं।

इन जनप्रतिनिधियों के सगे संबंधियों व रिश्तेदारों में पिता, ससुर, चाचा, मामा, पुत्र, पौत्र, दामाद, भाई, भतीजा या भांजा, ममेरा भाई, बहनोई, पति व पति का भाई, पति की बहन, पत्नी, पुत्री, पुत्रवधु, भाभी सगे चचेरे या ममेरे भाई आवेदन नहीं कर सकते हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों की साठगांठ से सरकारी निर्देश फाइलों में ही दफन होकर रह गए हैं।

अपर मुख्य सचिव के निदेशों की अनदेखी सबसे ज्यादा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में देखने को मिलती है। जहां ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में प्रधान के सगे संबंधियों के नाम टेंडर हो रहे हैं। उनके एवज में जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू मोटी कमाई कर रहे हैं। जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हैं। ऐसा ही कुछ नजारा खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालयों में देखने को मिलता है। जहां खण्ड विकास अधिकारियों व बाबुओं की मिलीभगत से ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के नाम पर बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भी सब कुछ जानते हुए भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के सगे संबंधियों को मनमानी ढंग से टेंडर जारी हो रहे हैं।

## दम्पति में महिला थानाध्यक्ष ने कराई सुलह



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।बुधवार को कोतवाली कर्वी के ज्ञान भारती स्कूल के पीछे की श्रीमती गुलबिया पत्नी लालजी ने महिला थाने में सौंपे पत्र में कहा कि उसके पति लालजी पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी पाण्डेय कालोनी कोतवाली कर्वी आये दिन विवाद करते हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनो पक्षों से भविष्य में विवाद न करने की सलाह दी। पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह होने पर थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से पारिवारिक दायित्यों का सही ढंग से निर्वहन करने को कहा।

## नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल अस्पताल में भर्ती, हार्ट का वॉल्व खोला गया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को दिल की बीमारी के बाद सुबह काठमांडू के कार्डियोलॉजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि एंजियोग्राफी से हार्ट का वॉल्व खोला गया। वह आज अस्पताल में ही रहेंगे। उन्हें 24 घंटे निगरानी में रहना होगा।



पौडेल की हालत सामान्य बताई जा रही है। वह 9 मार्च को राष्ट्रपति चुने गए थे। राष्ट्रपति पौडेल को 19 अप्रैल को इलाज के लिए भारत ले जाया गया था। उन्हें पेट की समस्या थी। वह एक मई को एम्स में इलाज कराने के बाद नेपाल लौटे थे।

## रूस का जेलेंस्की के गृहनगर पर मिसाइलों से हमला, 11 की मौत

**कीव।** मध्य यूक्रेनी शहर क्रिवीवी रिह में रात भर रूसी मिसाइलों के हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 अन्य लोग घायल हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटा रहा। निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के गवर्नर सेरही लिसाक ने कहा, क्रूज मिसाइलों से जुड़े हमले ने 5 मंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया। क्रिवीवी रिह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का गृहनगर है। रूस ने रणनीतिक रूप से यहां रात भर हमले किए, जिससे क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ। रूसी सेना के युद्ध में यह तबाही ताजा रक्तपात की घटना है, जबकि यूक्रेनी सेना रूसियों को खदेड़ने के प्रयास में लगातार पश्चिमी आपूर्ति वाली मारक क्षमता का इस्तेमाल कर रही है। जेलेंस्की ने कुछ तस्वीरें साझा की हैं जिसमें दमकलकर्मी आग को बुझाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। जेलेंस्की ने लिखा, आतंकवादियों की और मिसाइलें...रूसी हत्यारे रिहाइशी इमारतों, शहरों और आम लोगों के खिलाफ युद्ध जारी रखे हैं।



## पाकिस्तान ने 530 से अधिक शरणार्थियों को अफगानिस्तान भेजा, महिलाएं और बच्चे शामिल

**काबुल।** तालिबान के नेतृत्व वाले शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान ने महिलाओं और बच्चों समेत 531 अफगान शरणार्थियों को वापस भेज दिया है। यह जानकारी अफगानिस्तान की मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तालिबान के नेतृत्व वाले शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि अफगान शरणार्थी रविवार और सोमवार को दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद, उत्पीड़न और मौत की धमकियों के डर से हजारों लोग सुरक्षा और नौकरी के अवसरों की तलाश में पाकिस्तान और ईरान जैसे पड़ोसी देशों में प्रवेश कर गए। पिछले महीनों में तालिबान के अधिकारियों ने ईरान और तुर्की से हजारों अफगान शरणार्थियों के बलपूर्वक या स्वेच्छा से देश लौटने की सूचना दी है।

इस बीच पाकिस्तानी पुलिस ने सैकड़ों अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया है क्योंकि वे पिछले सप्ताह के दौरान इस्लामाबाद, रावलपिंडी और अन्य प्रमुख शहरों से कानूनी रहने का परमिट (वीजा) नहीं दे पाए थे। पाकिस्तान और ईरान ने लगातार अफगान प्रवासियों को दैनिक आधार पर अफगानिस्तान में कैद और निर्वासित किया है। वर्षों से, मानवीय संकट और आर्थिक चुनौतियों के कारण अफगानों को पड़ोसी देशों में पलायन करने के लिए मजबूर किया गया है। मेजबान देशों में अफगान शरणार्थियों को कानूनी स्थिति के मुद्दों, बेरोजगारी, अनिश्चितता और पुलिस से उत्पीड़न सहित विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# पाकिस्तान के हालात पर अमेरिका चिंतित

### दी लोकतांत्रिक सिद्धांतों के सम्मान की नसीहत

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान में राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर आर्मी एक्ट के तहत हो रही कार्रवाई सहित समग्र हालात पर अमेरिका ने चिंता जाहिर की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने पाकिस्तान को लोकतांत्रिक सिद्धातों के सम्मान की नसीहत भी दी है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान में नागरिकों के खिलाफ की जा रही सैन्य कार्रवाई से परिचित है। मिलर ने कहा कि अमेरिका लगातार पाकिस्तान से लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के शासन का सम्मान करने की अपील कर रहा है ताकि संविधान की सर्वोच्चता कायम हो सके। पाकिस्तान में पांच हजार से ज्यादा लोगों को जेल में डाले जाने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना के सवाल पर मिलर ने कहा कि अमेरिका को हालात के बारे में जानकारी है। अमेरिका उन



नागरिकों के लिए चिंतित भी है, जो मिलिट्री ट्रायल का सामना कर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारी लगातार पाकिस्तानी अधिकारियों से अपील कर रहे हैं कि वह लोकतांत्रिक सिद्धांतों का सम्मान करें। साथ ही पाकिस्तानी शीर्ष अधिकारियों के साथ मानवाधिकार, लोकतंत्र, सुरक्षा, पत्रकारों की सुरक्षा और कानून के राज का सम्मान आदि को लेकर बातचीत भी होती रहती है। अमेरिका के लिए यह हमेशा से प्राथमिकता है।

## नाटो महासचिव ने कहा, जवाबी कार्रवाई में रूस पर भारी पड़ रहा यूक्रेन

**वाशिंगटन।** । यूक्रेन पर रूसी हमले के बीच नाटो महासचिव जेन्स स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा है कि यूक्रेन ने रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में वह रूस पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका के ओवल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि नाटो, यूक्रेन को अपनी मदद भी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो की ओर से यूक्रेन को की जा रही मदद युद्ध के मैदान में अंतर पैदा कर रही है। जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन, रूस के खिलाफ बढ़त बना रहा है। हालांकि अभी यह शुरुआत है लेकिन जल्द ही यूक्रेन ज्यादा जमीन को आजाद करा पाएगा और बातचीत की मेज पर जब रूस और यूक्रेन बैठेंगे तो यूक्रेन की स्थिति मजबूत रहेगी।

इस बीच जानकारी आई है कि यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी जापोरिज्जिया मोर्चे पर अनुभवी रूसी टॉप जनरल की



स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो की ओर से यूक्रेन को की जा रही मदद युद्ध के मैदान में अंतर पैदा कर रही है। जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन, रूस के खिलाफ बढ़त बना रहा है।

मौत हो गई है। 35वीं संयुक्त शस्त्र सेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल सर्गेई गोर्याचेव की मौत पर रूसी रक्षा मंत्रालय ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हिरासत में लिया गया, गुप्त दस्तावेज चुराने व रखने के मामले में कोर्ट की कार्रवाई

**मियामी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आपराधिक आरोपों के मामले में मियामी कोर्ट में सुनवाई के दौरान हिरासत में ले लिया गया। ट्रंप पर अवैध रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा दस्तावेज रखने और इसकी मांग करने वाले अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है।

मियामी में ट्रंप अमेरिकी मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जोनाथन गुडमैन की अदालत में पेश हुए। इस दौरान कैमरों पर रोक के साथ कोर्ट रूम के लाइव प्रसारण को बंद करा दिया गया था। इस मामले में उनके पूर्व सहयोगी व आरोपित वॉल्ट नौटा भी अदालत में पेश




हुए। ट्रंप अदालत दूसरी बार गए हैं, इससे पहले अप्रैल में न्यूयॉर्क की कोर्ट में एक पोर्न स्टार को पैसे देने के आरोप में उनको कोर्ट जाना पड़ा था, हालांकि उस मामले में उनको दोषी नहीं ठहराया गया।

मियामी में उपस्थिति संघीय आरोपों पर थी। वहीं कोर्ट हाउस के बाहर ट्रंप के समर्थन में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की टोपी पहने और अमेरिकी झंडे लिए समर्थकों ने मियामी फॉर ट्रम्प और लैटिनो फॉर ट्रम्प के नारे लगाए। मियामी के मेयर फ्रांसिस सुआरेज ने अदालत के बाहर संवाददाताओं से कहा कि सुरक्षा के सभी इंतजाम हैं।

भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने खासी तैयारी की थी। प्रशासन ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हुए हमले को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के सभी इंतजाम किए थे।

## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री देउबा इलाज के लिए पहुंचे सिंगापुर


**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा इलाज कराने सिंगापुर गए हैं । वह बुधवार सुबह सिंगापुर पहुंचे। देउबा के सचिवालय के मुताबिक, वह नियमित जांच के लिए सिंगापुर गए हैं। वह लंबे समय से पेट की समस्या से जूझ रहे हैं। देउबा के साथ उनकी पत्नी डॉ. आरजू देउबा भी हैं। इस बीच देउबा के सिंगापुर प्रवास से राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। देउबा की पार्टी के कुछ नेता हाल ही में सिंगापुर और बैंकॉक में गुप्त राजनीतिक बैठक कर चुके हैं। इसे सत्ताधारी गठबंधन सरकार के लिए खतरे की घंटी भी माना जा रहा है। कुछ समय से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड को अपदस्थ करने की कोशिश भी जारी है।



## पुतिन ने कहा, यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए हथियार देना बंद करे पश्चिमी देश

**मॉस्को।** यूक्रेन युद्ध समाप्त करने और संकट सुलझाने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों से सैन्य मदद बंद करने की बात कही है। पुतिन का मानना है कि यूक्रेन संघर्ष के पीछे पश्चिमी देशों का हाथ है। लेकिन पुतिन के इस प्रस्ताव के कुछ देर बाद ही अमेरिका ने यूक्रेन को 325 मिलियन डॉलर के नए रक्षा पैकेज का ऐलान कर दिया। इससे साबित होता है कि अमेरिका समेत पश्चिमी देश यूक्रेन के खुद हार मानने तक सैन्य सहायता देना जारी रखेंगे। रूस ने पिछले साल 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है।

पुतिन ने सैन्य संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि



दुश्मन किसी भी दिशा में सफल नहीं हुआ। उन्हें भारी नुकसान हुआ है। पुतिन ने बताया कि यूक्रेनी सेना वर्तमान में शाख्त्योर्स्क और वर्मेवका में लगातार हमले कर रही है, लेकिन अग्रिम मोर्चों तक पहुंचने में विफल रही है। कुल मिलाकर, यूक्रेन चार दिशाओं से हमला कर रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन बड़े पैमाने पर जवाबी हमला कर रहा है। चार जून से यूक्रेनी काउंटर ऑपरेशन के दौरान दुश्मन ने यूक्रेनी सेना ने 160 से अधिक टैंक खो दिए, जबकि हमें 54 टैंक गंवाने पड़े। उनमें से कुछ को मरम्मत कर फिर से इस्तेमाल के योग्य बनाया जा रहा है।

पुतिन ने कहा कि रूस अपने विशेष सैन्य अभियान के जरिए धीरे-धीरे यूक्रेन का असैन्यीकरण करने में लगा है। अगर पश्चिमी देश संघर्ष को हल करना चाहते हैं तो उन्हें कीव को हथियार देना बंद करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद करने की जरूरत है, अगर वे जारी संघर्ष को हल करना चाहते हैं।

## नेपाल के मधेश प्रांत के मुख्यमंत्री यादव ने विश्वास मत हासिल किया



**काठमांडू।** नेपाल के मधेश प्रांत की मुख्यमंत्री सरोज कुमार यादव ने विश्वास मत हासिल कर लिया है। मंगलवार को उन्हें विधानसभा के कुल 103 सांसदों से विश्वास मत प्राप्त हुआ। वह उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं।

केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) के समर्थन वापस लेने के बाद यादव ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया है। मधेश प्रांत में 10 दलों और निर्दलीय मिलाकर 103 सांसद हैं।

## कनाडा के मंत्री बोले- निर्वासन का सामना कर रहे 700 छात्रों को मिलेगा पक्ष रखने का मौका

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

किया था। आप्रवासन, शरणार्थी एवं नागरिकता मंत्री सिएन फ्रेजर



ने सोमवार को संसद में एक सवाल का जवाब देते हुए जोर देकर कहा कि ''निर्दोष छात्रों÷ को ÷यह साबित करने का मौका दिया जाएगा कि वे धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें 'उचित उपाय' प्रदान करेगी।

फ्रेजर ने कहा कि कई छात्र अनिश्चितता के चलते गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। फ्रेजर ने विपक्षी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य जेनी क्वान के सवाल के जवाब में कहा, 'हम उन्हें यह साबित करने का मौका देने के लिए एक प्रक्रिया तय करेंगे कि उनका इस्तेमाल किया गया है और उन्हें एक उचित उपाय प्रदान करेंगे' सूत्रों ने यह भी कहा कि कनाडा से निष्कासित किये जाने का सामना कर रहे भारतीय छात्रों की वास्तविक संख्या 700 से बहुत कम है।

## रूस के विदेश मंत्री ने जताई पाकिस्तान से संबंधों का दायरा बढ़ाने की इच्छा

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पाकिस्तान से संबंधों का दायरा बढ़ाने की इच्छा जताई है। रूस और पाकिस्तान के कूटनीतिक संबंधों की 75वीं सालगिरह पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने इस आशय का प्रस्ताव किया है।

रूस-पाकिस्तान रिश्तों की 75वीं सालगिरह पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पाकिस्तान के लिए एक विशेष वीडियो संदेश जारी किया। पाकिस्तान के साथ संबंधों का दायरा बढ़ाने की रूस की इच्छा को दुनिया में तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक माहौल से जोड़ कर देखा जा रहा है। समझा जाता है कि रूस की यह पहल पाकिस्तान को पश्चिमी खेमे से दूर करने की



कोशिश का हिस्सा है। लावरोव ने अपने संदेश में कहा कि रूस इस बात को जानता है कि पाकिस्तान के लोग रूस और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। रूस उनकी इस भावना का सम्मान करता है। लावरोव ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में दोनों देशों के संबंध अलग-अलग दौर से गुजरे हैं। लेकिन अब रूस पाकिस्तान के साथ अपने संबंध बढ़ाने की इच्छा रखता है।

लावरोव ने याद दिलाया कि 1980 के दशक में कराची में बने पाकिस्तान के सबसे बड़े इस्पात कारखाने के निर्माण में सोवियत विशेषज्ञों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लावरोव ने टिप्पणी की, 'हम ध्यान दिलाना चाहते हैं कि विश्व व्यवस्था के बारे में रूस की दृष्टि और परंपरागत नैतिक मूल्यों के बारे में हमारी समझ उस विश्वास, एकता और अनुशासन से मेल खाती है, जिन्हें पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने आकार दिया था।' लावरोव ने वीडियो संदेश का अंत 'पाकिस्तान-रूसी दोस्ती जिंदाबाद' कहते हुए किया।